चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 122, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 31 मई 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पदकवीरों ने विसर्जित नहीं किए पदक...

## हरिद्वार में गंगा तट पर हाथों में मेडल लेकर खूब रोए खिलाड़ी, लोग भी हुए भावुक

**हरिद्वार:** महिला खिलाड़ियों के उत्पीड़न को लेकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों ने अपने मेडल गंगा में बहाने का एलान किया। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों ने हर की पौड़ी में अपने मेडल गंगा में बहाने का फैसला टाल दिया है। पहलवान मेडल बहाने के लिए हरिद्वार पहुंचे थे। खबर लगते ही भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत वहां पहुंचे। पहलवानों से बात कर उन्होंने केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। टिकैत ने पहलवानों से मेडल्स और मोमेंटो वाली पोटली भी ले ली है। उन्होंने कहा कि इन्हें राष्ट्रपति को देंगे। सभी खिलाड़ी हरिद्वार से घर के लिए रवाना हो गए। इससे पहले साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट करीब एक घंटे तक हर की पौड़ी में बैठकर मेडल पकड़े रोते रहे। उधर, मेडल बहाने के फैसले पर गंगा समिति पहलवानों के खिलाफ खड़ी हो गई थी। उनका कहना था कि ये (हर की पौड़ी) पूजा-पाठ की जगह है, राजनीति की नहीं।

बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक अपने मेडल गंगा में प्रवाहित



करने हरिद्वार पहुंचे। खिलाड़ी अपने मेडल लेकर मालवीय घाट पास बैठ गए। इससे पहले पहलवान मेडल हाथों में लेकर रो पड़े। आसपास के कई लोगों की आंखें भी पहलवानों को देखकर नम हो गईं। दूसरी तरह भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। आंदोलनकारी पहलवानों के समर्थन में काफी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता भी हरिद्वार पहुंचे। वहीं, पहलवानों के पहुंचते ही हरकी पैड़ी पर लोगों की भीड़ जुट गई। खिलाड़ियों ने कहा कि मेडल हमारी जान हैं, हमारी आत्मा हैं। इनके गंगा में बह जाने के बाद हमारे जीने का भी कोई मतलब रह नहीं जाएगा। इसलिए हम इंडिया गेट पर आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। पहलवान अंदर से ऐसा महसूस कर रही हैं कि इस देश में हमारा कुछ बचा नहीं है। हमें वे पल याद आ रहे हैं जब हमने ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीते थे। उन्होंने कहा कि इन मेडलों को हम गंगा में बहा रहे हैं। क्योंकि वह गंगा मा हैं।

### 'पीएम हमें अपने घर की बेटियां बताते थे'

**हमारे** प्रधानमंत्री को, जो हमें अपने घर की बेटियां बताते थे, मन नहीं माना, क्योंकि उन्होंने एक बार भी अपने घर की बेटियों की सुध-बुध नहीं ली।

बल्कि नई संसद के उद्घाटन में हमारे उत्पीड़क को बुलाया और वह तेज सफेदी वाली चमकदार कपड़ों में फोटो खिंचवा रहा था। उसकी सफेदी हमें चुभ रही थी, मानो कह रही हो कि मैं ही तंत्र हूं।

**गले में सजे इन मेडलों का कोई मतलब नहीं रह गया**

अब लग रहा है कि हमारे गले में सजे इन मेडलों का कोई मतलब नहीं रह गया है, इनको लौटाने की सोचने भर से हमें मौत लग रही थी, लेकिन अपने आत्म सम्मान के साथ समझौता करके भी क्या जीना। यह सवाल आया कि किसे लौटाएं. हमारी राष्ट्रपति को, जो खुद एक महिला हैं, मन ने ना कहा, क्योंकि वह हमसे सिर्फ दो किलोमीटर बैठी देखती रहीं, लेकिन कुछ भी बोली नहीं।

# मणिपुर हिंसा...चानू समेत 11 खिलाड़ियों ने कहा- मेडल लौटा देंगे

## केंद्र से गुहार- शांति जल्द बहाल हो; सीडीएस बोले- यह जातीय हिंसा, उग्रवाद नहीं

**इंफाल: मणिपुर में** 3 मई से हिंसा जारी है। अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच ओलिंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू सहित मणिपुर की 11 खेल हस्तियों ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।

इन लोगों ने अमित शाह से राज्य में जल्द शांति बहाल करने की मांग की है। इन्होंने कहा है कि अगर स्थिति सामान्य नहीं हुई तो वे अपने अवॉर्ड और मेडल लौटा देंगे। लेटर पर दस्तखत करने वालों में मीराबाई चानू, पद्म पुरस्कार विजेता वेटलिफ्टर कुंजारानी देवी, पूर्व भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान बेम बेम देवी और मुक्केबाज एल सरिता देवी शामिल हैं।



इधर, मंगलवार सुबह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे में कहा कि मणिपुर में हालात सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा। जनरल चौहान ने कहा- राज्य में हिंसा दो जातियों के बीच संघर्ष का परिणाम है। इसका उग्रवाद से कोई लेना-देना नहीं है। यह कानून-व्यवस्था का मामला है। हम राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं। 28 मई को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया था कि राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 40 लोग मारे गए हैं। सीएम ने इन्हें मिलिटेंट बताया था। उधर जनरल अनिल चौहान मंगलवार को पुणे में सीडीएस के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में शामिल हुए।

**अमित शाह इंफाल में, 1 जून तक यहीं रहेंगे:** गृह मंत्री अमित शाह 29 मई को मणिपुर की राजधानी इंफाल पहुंचे। वे यहां 1 जून तक रहेंगे। देर रात उन्होंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस बैठक में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और इंटेलिजेंस ब्यूरो के चीफ तपन डेका मौजूद थे। शाह ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की है। उन्होंने राज्य में राशन और तेल जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं।

# हमने हर मजहब से किया संवाद: योगी

**हमने हर मजहब से किया संवाद: योगी**

**लखनऊ:** एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के युवा संगम कार्यक्रम के निमित्त मंगलवार को आईआईटी पलक्कड़ केरल व लक्षदीप के 45 विद्यार्थी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मिले। यहां सबसे पहले मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों से परिचय किया। 45 में से 35 केरल व 10 लक्षदीप के विद्यार्थी हैं। इनमें 25 छात्र व 20 छात्राएं हैं। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने उन्हें सफल जीवन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने छात्रों से संवाद के दौरान उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शिक्षा मंत्रालय ने यह अभिनव प्रयोग प्रारम्भ किया है। आप जिस केरल से आये हैं, वहीं से कई वर्षों पहले शंकराचार्य भी आये थे और उन्होंने चार मठ स्थापित किए थे।



**कोई किसी भी राज्य का हो पर भाव सबका देश प्रेम:**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा समाज के लोगों की भावनाओं को समझने का जरिया है। ये नई शिक्षा नीति को ही परिलक्षित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप में से कई लोग पहली बार उप्र आये होंगे। कोई किसी भी राज्य का हो पर उनका भाव देश प्रेम का ही होगा। जब देश संकट में आता है ।

### ट्रेड के साथ ही तय कर लें लक्ष्य: सीएम

**ट्रेड के साथ ही तय कर लें लक्ष्य: सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र में तकनीक का इस्तेमाल तेजी से शुरू हुआ है। इसके कारण रोजगार सुलभ हुए हैं। तकनीक के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार भी कम हुआ है। आज डीबीटी के माध्यम से पूरा पैसा लाभार्थी को मिल रहा है। आज हम डिजिटल लेनदेन के दौर में पहुंच चुके हैं। सीएम ने सुझाव दिया कि जब हम कोई ट्रेड तय करते हैं, तभी लक्ष्य निर्धारित कर लें। दो करोड़ युवाओं को हम टेबलेट अथवा स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि युवा तकनीक के साथ तालमेल बिठा सकें। उप्र में आज विकास हो रहा है। ओडीओपी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 96 लाख एमएसएमई के माध्यम से प्रदेश में रोजगार की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं।

# स्वस्थ जीवन के लिए मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखना जरूरी: देवेंद्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखना जरूरी है। इसी वजह राज्य सरकार की ओर से स्वच्छ मुख अभियान शुरू किया गया है और विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इससे नागरिकों में मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए जागरुकता पैदा करने में मदद मिलेगी। फडणवीस ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि मौखिक रोगों की व्यापकता बढ़ रही है। तंबाकू, गुटखा, खर्रा के सेवन से स्कूली बच्चों में कैंसर की बीमारी भी पाई जा रही है। इसके लिए जनजागरुकता जरूरी है। सचिन तेंदुलकर ने आज तक कभी भी तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन नहीं किया। स्वास्थ्य से समझौता नहीं करने वाले विश्व प्रसिद्ध व्यक्तियों ने सद्भावना दूत के रूप में सरकारी गतिविधियों में भाग लिया है। इससे आने वाली पीढ़ी नशे के दुष्परिणामों को पहचान कर और समझकर चेहरे को साफ रखने में सावधानी बरतेंगी। सचिन तेंदुलकर ने कहा, 'भारत युवाओं का देश है, लेकिन मायने यह रखता है कि कितने युवा स्वस्थ जीवन जीते हैं।

# 'हम चाहते हैं कि इंडिया रहे सुरक्षित': अमेरिकी राजदूत

**नई दिल्ली: भारत** और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग पर बोलते हुए भारत में अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत एरिक गासेटी ने कहा, "हम भारत की सुरक्षा की परवाह करते हैं। हम चाहते हैं कि भारत सुरक्षित रहे और हम भारत-प्रशांत को सुरक्षित बनाने के लिए भारत के साथ काम करना चाहते हैं।" अमेरिकी राजदूत, एरिक गासेटी ने 26/11 के मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर बोलते हुए कहा कि अदालत ने आदेश दिया है।

# सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली: दिल्ली** शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी के पूरक चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को सिसोदिया को समन भेजा है। अब उन्हें 1 जून को कोर्ट में पेश होना है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति केस में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई के भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि सिसोदिया एक पावरफुल इंसान हैं और वे बाहर आएंगे तो गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे।

**सिसोदिया एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं:** हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस दिनेश शर्मा ने कहा- सिसोदिया पर आरोप है कि दिल्ली की शराब नीति साउथ ग्रुप के इशारे पर उन्हें अनुचित लाभ देने के इरादे से बनाई गई थी। ये बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और जमानत पर रिहा होने पर गवाहों को प्रभावित किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। सीबीआई ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सिसोदिया दिल्ली के डिप्टी सीएम रह चुके हैं और उनके पास 18 विभाग थे। ऑफिस और नौकरशाहों पर सिसोदिया का प्रभाव और दबदबा स्पष्ट है। इतना ही नहीं ऊंचे पदों पर बैठे उनकी पार्टी के सहयोगी जांच को प्रभावित करने के लिए गलत दावे कर रहे हैं। वे यह भी कह रहे है कि सिसोदिया राजनीतिक बदले का शिकार हुए हैं।

# पांच वृहद पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

**जयपुर।** राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) की बैठक में जल जीवन मिशन के तहत 22 हजार 854 करोड़ रुपये की पांच वृहद् पेयजल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इन पांच परियोजनाओं से प्रदेश के ग्यारह जिलों के 5739 गांवों के पंद्रह लाख से अधिक घरों में हर घर जल कनेक्शन दिए जाएंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई 37वीं एसएलएसएससी में स्वीकृत वृहद परियोजनाओं में इंदिरा गांधी नहर परियोजना आधारित 7 हजार 934 करोड़ रुपये की सीकर-झुंझुनूं परियोजना के माध्यम से सीकर जिले के 864 तथा झुंझुनूं जिले के 269 गांवों यानी कुल 1133 गांवों के 3 लाख 44 हजार 120 घरों में हर घर जल कनेक्शन दिए जाएंगे। सतही जल आधारित 5 हजार 783 करोड़ रुपये की चम्बल-अलवर-भरतपुर परियोजना भी एसएलएससी में स्वीकृत की गई। इसमें अलवर जिले के 882 गांव तथा भरतपुर जिले के 335 गांव यानी कुल 1237 गांवों में 3 लाख 96 हजार 223 घरों में जल कनेक्शन होंगे।

# हरिद्वार की तर्ज पर विकसित होगा सिमरिया गंगा धाम : नीतीश

**बेगूसराय।** बिहार सहित देश के विभिन्न राज्य और नेपाल तक के भक्ति, अध्यात्म और मोक्ष का पावन गंगा धाम बेगूसराय का सिमरिया अब नए रूप में दिखेगा। 2024 तक सिमरिया, हरिद्वार के हर की पैड़ी से भी भव्य स्वरूप में नजर आने लगेगा।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सिमरिया धाम में 114.97 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सीढ़ी घाट एवं सौंदर्यीकरण कार्य का कायारंभ किया। सड़क मार्ग से सिमरिया आए मुख्यमंत्री ने मोक्षदायिनी मां गंगा की पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया। इसके बाद पुरोहितों द्वारा किए जा रहे



स्वस्ति वाचन के बीच कायारंभ किया तथा गंगा आरती में शामिल हुए। सौंदर्यीकरण कार्य के शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो बहुत दिन से सोच रहे थे कि इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो। सिमरिया में भक्त और पर्यटक दूर-दूर से आते हैं। उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो इसको ध्यान में रखते हुए काम किया जा रहा है। इस स्थान पर आस पास के रहने वाले लोग ही नहीं, बल्कि दूर-दूर और नेपाल से श्रद्धालु आते हैं। अंतिम संस्कार के लिए जो लोग यहां आते हैं, उन्हें उस स्थल तक जाने के लिए अलग से रास्ता होगा। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। जून 2024 तक इस काम को पूरा करना है। निर्माण पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। यहां आने वाले लोगों सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा, उसके लिए भी सारी व्यवस्था की जाएगी।

# मणिपुर हिंसा: कांग्रेस नेताओं ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

**नई दिल्ली: कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आज दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें कांग्रेस की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें की गई है।

**कांग्रेस ने रखी ये 12 मांगें:** कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कहा, 'पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर आज हमने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को चार पन्नों का एक



ज्ञापन सौंपा और मांग की कि क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। हमने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें रखी हैं।'

**पीएम मोदी पर साधा निशाना:** प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा कि जब 3 मई को मणिपुर जल रहा था, तब पीएम मोदी कर्नाटक चुनाव में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तभी से मांग कर रहा हैं कि केंद्र सख्त कार्रवाई करे। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, जो मणिपुर में सीएलपी नेता भी हैं, ने कहा कि मणिपुर के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। भारत में जो हो रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

**मणिपुर में हुई हिंसा:** 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा हुई थी, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हुई। भले ही हिंसा थम गई है, लेकिन राज्य के हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। इस बीच मणिपुर पीसीसी अध्यक्ष केशम मेघचंद्र ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते सवाल किए है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अशांति के परिणामस्वरूप निर्दोष लोग मारे गए हैं, घरों को आग के हवाले कर दिया गया है और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं?

# एमपी: स्टार्ट-अप के लिये मिलेगी सहायता राशि

## दमोह में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 266 करोड़ 71 लाख रुपये की स्वीकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2022 में संशोधन कर महिलाओं के समान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को भी सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्ट-अप को प्राप्त फंडिंग/निवेश पर कुल 18 प्रतिशत अधिकतम रुपये 18 लाख की सहायता एवं चार चरण में अधिकतम रुपए 72 लाख की सीमा में देय होगी। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमी द्वारा प्रवर्तित स्टार्ट-अप में उनकी भागीदारी 51 प्रतिशत होनी चाहिए। मंत्रि-परिषद ने दमोह में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किये जाने के लिए परियोजना परीक्षण समिति की अनुशंसा अनुसार निर्माण कार्यों के लिये 266 करोड़ 71 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। दमोह, टीकमगढ़ एवं पन्ना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार दमोह के मध्य में स्थित होने तथा इन तीनों क्षेत्रों से अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों की दूरी लगभग 100 कि.मी. से अधिक होने के कारण इस निर्णय से दमोह तथा समीपस्थ जिलों की जनता को तृतीयक स्तर की चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही प्रदेश के छात्रों के लिये चिकित्सा क्षेत्र की 100 एम.बी.बी.एस. सीट्स की भी वृद्धि हो सकेगी।

**जनहानि क्षतिपूर्ति बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने का अनुमोदन:** मंत्रि-परिषद ने वन्य-प्राणियों द्वारा की जाने वाली जनहानि।

## खबर संक्षेप

### एक सप्ताह से जले ट्रांसफार्मर को नहीं गया बदला, भीषण गर्मी में ग्रामीण त्रस्त, व्याप्त है आक्रोश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ईश्वरी का पूरा में मऊआइमा उप केंद्र से बिजली सप्लाई होती है ।एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। जिससे ग्रामीण इस भीषण गर्मी में झुलस रहे हैं। ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मऊआइमा के ईश्वरी का पूरा में लगा टान्संफार्मर एक सप्ताह से जल गया है ?।जिसकी शिकायत भी की गई। परन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई ।इस उमस भीषण गर्मी में ग्रामीण उपभोक्ता विद्युत सप्लाई न होने से परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस टासंफार्मर से जुडे उपभोक्ताओं को धान की बेहन डालने के लिए भी परेशान हैं।।इस विषय में जे ई संतोष कुमार ने बताया कि वहां बहुत से उपभोक्ता हैं जो बिल जमा नहीं किया है, जिससे परेशानी हो रही है, फिलहाल कोशिश की जाए गी जल्द से जल्द ट्रासफार्मर.लग जाए गा। वहीं गउपभोक्ता का कहना है कि जो बिल का भुगतान नहीं किया है उन पर कार्रवाई होनी चाहिए पर जो बिल जमा किए हैं। वह क्यों परेशान हों।

# बुजुर्गों के ऊपर भर भराकर गिरी कच्ची दीवार दबकर हुई मौत



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली गांव में मंगलवार के दिन मजदूरी करने गए दो बुजुर्गों के ऊपर भर - भरा कर कच्ची दीवार गिर गई जिसमें दबकर एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे मजदूर को इलाज हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बुजुर्गों की मौत की खबर सुनकर पूरामुफ्ती इंस्पेक्टर उपेंद्र प्रताप सिंह दल - बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए यथा स्थिति का जायजा लेने के बाद लाश का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया और अग्रिम कार्यवाही में जुट गए। जानकारी के अनुसार चरवा थाना क्षेत्र के रतगहां गांव निवासी शारदा प्रजापति उम्र लगभग 56 वर्ष एवं रसूलपुर गांव निवासी लालचंद्र कोरी उम्र लगभग 60 वर्ष उक्त दोनो बुजुर्ग पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली गांव में झगड़ू लाल के यहां कच्ची दीवार गिराकर पक्की दीवार का निर्माण कार्य करने गए थे। कच्ची दीवार गिराते समय दोनों बुजुर्गों के ऊपर भर - भरा कर दीवार गिर गई जिसमें दबकर एक बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे बुजुर्ग को इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दोनों बुजुर्गों की मौत होने की खबर सुनकर परिजनों के बीच हड़कंप मच गया।

## निशान चढ़ाने जा रहें हाई टेंशन लाइन की जद में आने से एक की मौत अन्य कई झुलस गये



**करछना।** थाना अंतर्गत गधियाव बंधवा गांव में निशान चढ़ाने जा रहे लोगों का झंडा एचटी लाइन में छू गया। जिसमें 3 लड़के गंभीर रूप से झुलस के तीनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां बीएससी के एक छात्र को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे युवक का एसआरएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। यमुनानगर के करछना कोतवाली अंतर्गत गांधियाव बंधवा गांव से दो दर्जन लोग मंगलवार को बधाव लेकर हनुमान मंदिर जा रहा था। निशान का पताका उठाकर लोग गांव के बाहर आ गए। इसी दौरान झंडे का ऊपरी हिस्सा 33 हजार की हाईटेंशन छू गया। जिससे झंडा पकड़े तीन युवक अजय कुमार उर्फ लाल (23) पुत्र सूर्यबली, काशी (20) पुत्र ननकऊ और छोटू (19) झुलस गए। इससे वहा हड़कंप मच गया। आनन फानन में तीनों को लड़ फांदकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से तीनो को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। काल्विन हॉस्पिटल में अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। काशी को एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घरवालों ने बताया कि अजय उर्फ लाला दो भाई व एक बहन में छोटा था। उसकी मां गीता देवी बेटे की मौत से गहरे सदमे में है। उसके पिता किसान है। वह बीएससी थर्ड वर्ष का छात्र था। काशी की हालत गंभीर बताई जा रही है। इंस्पेक्टर करछना विश्वजीत सिंह का कहना है कि एचटी लाइन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ है। जिसमें एक लड़के की मौत हुई है।

## बारात में हुई मारपीट के बाद थाने में हुई शादी



अखंड भारत संदेश

**जारी।** कौधियारा थाना अंतर्गत जारी चौकी के विमला पैलेस में सोमवार को बारात आई थी। लड़की पक्ष मध्य प्रदेश से लड़की लेकर शादी के लिए विमला पैलेस में आया था। लड़का पक्ष चौकी क्षेत्र के रामपुर खौरिया से बारात लेकर जारी के विमला पैलेस में धूमधाम के साथ पहुंचा। फोटो खींचने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया ।विवाद में दूल्हा भी मारपीट करने लगा ।लड़की पक्ष से दो लोग घायल हो गए। दूल्हे की कार्यप्रणाली से नाराज दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया। मामला पुलिस के पास पहुंचा। रात में 11बजे चौकी इंचार्ज जारी शैलेन्द्र यादव दोनों पक्षों को थाने भेजा। मंगलवार 10 बजे तक दोनों पक्षों में पंचायत के बाद सुलह होने पर थाना परिसर में स्थित मंदिर में विवाह संपन्न कराकर थाने से लड़की की विदाई कराई गई।

## छात्र छात्राओं की कला को देखकर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने की प्रशंसा किया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के मोहम्मद सराय अली स्थित प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप के दौरान परिषदीय बच्चों को चार दिन से कैंप के दौरान चित्र बनाना, पेंटिंग, क्राफ्ट वर्क, मेहंदी, नृत्य, गायन, लिप्पन आर्ट, वर्ली आर्ट, योग, मास्क बनाना,डेकोरेशन और कढ़ाई , बुनाई सिखाया जा रहा था। मंगलवार प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद पुर सराय अली में समर कैंप का समापन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी ममता सरकार के समक्ष बच्चों ने अपने हाथों बनाएं पेटिंग व कला को दिखाया । खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को माला पहनाकर स्वागत किया । तथा बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साह बढ़ाया । अभिभावकों शिक्षकों मिलकर बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस मौके पर एआरपी लाल चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा,प्रधानाध्यापिका अंजली पांडेय, भारत सिंह ,प्रदीप यादव, जगत लाल भारतीया, सुनील सरोज, कासमी बेगम, शशी , किरन,नीलम समेत छात्र व छात्राये ,अभिभावक गण मौजूद रहे ।

## जल जीवन मिशन के तहत किया गया पानी के टंकी का भूमि पूजन, ग्रामीणों में खुशी

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** सोरांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत कृष्णापुर में ग्राम प्रधान अर्चना पटेल व ग्राम विकास अधिकारी लाल प्रताप यादव ने जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पेय जल के लिए पानी की टंकी का भूमि पूजन किया। जानकारी के अनुसार जैसे-जैसे भारत देश की जनसंख्या वृद्धि दर में इजाफा हो रहा है वैसे वैसे लोगों को पेयजल की समस्या सामने आती जा रही है। इसी बात को लेकर भारत सरकार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव में एक पानी की टंकी का निर्माण करवा रही है तथा पानी की टंकी का निर्माण होने से हर ग्राम पंचायतों में सुचारू रूप और समय से पानी उपलब्ध हो सकेगा पानी की टंकी को संपूर्ण और सही ढंग से संचालित करने के लिए सरकार ने हर ग्राम पंचायतों में लगभग एक दर्जन कर्मचारियों की नियुक्ति का भी खाका तैयार कर लिया है जिसका ब्लॉक में लगभग 1 साल पहले प्रशिक्षण भी दिलाया जा सका है। सरकार ने ठीकेदारों के माध्यम से गांव में टंकी का निर्माण करवा रही है। और प्रत्येक गांव में पानी का कनेक्शन घर घर देना शुरू कर दिया है। इसके लिए जेसीबी से खुदाई कर पाइप भी बिछाई जा रही है। इसी को लेकर मंगलवार को प्रधान पति योगेश कुमार पटेल ने अपने गांव में अमृत सरोवर के पास प्रधान और सचिव की उपस्थिति में टंकी के लिए भूमि पूजन किया। और बोर बेल का कार्य शुरू करवा दिया है। इस मौके पर गांव के संभ्रांत लोगों संग चंचल मिश्रा,अमन पटेल,लाल जी ,अलकेश कुमार योगेन्द्र बहादुर ,कृष्णकांत, दिनेश कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की स्थापना के लिए अवतार लिया : नित्यानंद महाराज



**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह महरछा बारी गांव में मुख्य यजमान विजयनाथ पांडेय, अविनाश चंद्र पांडेय, अखिलेश चंद्र पांडेय के निवास पर कथा व्यास नित्यानंद शुक्ल महाराज ने संगीतमय कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग विस्तार से सुनाए ।महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की पुनः स्थापना के लिए द्वापर युग में अवतार लिया। उन्होंने बाल्य अवस्था में ही कालीय नाग का मर्दन करके यमुना जी को पवित्र किया, पूतना एवं बकासुर आदि मायावी शक्तियों का अंत किया। बृज भूमि में आतंक के पयार्यी कंस मामा का वध करके अपने माता-पिता देवकी-वसुदेव और नाना महाराज उग्रसेन को कारागार से मुक्त कराया गोवर्धन पूजा में प्रकृति की पूजा का उल्लेख किया गया। गायकों द्वारा सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे ।इस अवसर पर पुरोहित मौला पाठक, आचार्य कमल नयन शुक्ल, आचार्य मनमोहन पांडेय, सीताराम तिवारी प्रधान, मातादीन तिवारी, माता सेवक पांडेय, अरूण शुक्ला, शेषमणि पांडेय, राजेश मिश्रा, आरपी शुक्ला, मुकेश तिवारी, गौरव राजपूत, पारसनाथ पांडेय, काशीनाथ पांडेय, दिनेश चंद्र, अमन, मृत्युंजय, मयंक, अनमोल, किशन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को सार्वजनिक भंडारे का आयोजन बृजकुंज उत्सव गृह जंघई में



**जंघई।** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के शुभ अवसर पर सुंदर काण्ड एवं सार्वजनिक भंडारा महाप्रसाद का आयोजन बृज कुंज उत्सव गृह जंघई में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियर घनश्याम पांडेय, जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 1 प्रतापपुर बृज कुमारी पांडेय, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय द्वारा किया गया। सार्वजनिक भंडारे का आयोजन 11 बजे से देर रात तक चलता रहा जिसमें बाजार में आवागमन करने व्यक्तियों, दुकानदारों एवं क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। पूर्व विधानसभा प्रतापपुर प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने कहा कि परोपकार, जनसेवा करने से मानसिक शांति एवं सुकुन सुख मिलता है ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से आत्मबल मिलता है तथा क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारा प्रेम बना रहता है ऐसे कार्यक्रम हमेशा आयोजित होने चाहिए।

### कैम्प लगाकर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



**सोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव के अधीक्षक संतोष पाण्डेय के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर रविवार को बाहर सराय के प्राथमिक विद्यालय में शून्य से पांच साल तक के बच्चो को पल्स पोलियो की खुराक दी गई ।कार्यक्रम सुबह आठ बजे से दोपहर 3 बजे तक एएनएम गीता शर्मा संग स्वास्थ्य विभाग की टीम प्राथमिक विद्यालय हरिजन बस्ती में शून्य से पांच साल तक के 55 बच्चो को पोलियो की खुराक दिए। कैंप की शुरूआत ग्राम प्रधान मनोरमा देवी द्वारा बच्चो को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। वहीं एएनएम गीता शर्मा का कहना है कि पोलियों का खुराक प्रत्येक पांच साल तक के बच्चो को पिलाई जाएगी। दवा पीने से बच्चो को लकवा, पालिस जैसे खतरनाक विमारियों से रक्षा करती है। इसलिए प्रत्येक अभिभावकों को चाहिए की अपने पांच साल तक के बच्चो को पोलियो का खुराक पिलवाने में सहयोग करें। इस कैंप में आशा कलावती, प्रधानाध्यापिका स्नेह लता व डोला बनर्जी,पूनम वर्मा, मीना शर्मा, स्वेता सिंह, प्रतिमा जायसवाल व मोना त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत विशेष शिविर का किया गया आयोजन




**लेडियारी।** कोरांव तहसील अंतर्गत खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचिवालय कोलसरा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र कृषकों के संतृप्तिकरण हेतु ग्राम पंचायत सचिवालय कोलसरा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया ।यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा वृहद रूप से चलाया जा रहा है जिसमें सभी पात्र किसानों को जोड़ने की योजना है ।जैसा कि पी एम किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण अभियान 22मई2023 से 10 जून 2023 तक गांव गांव अभियान चला कर योजना से वंचित किसानों को जोड़ा जाएगा। इसी के साथ केवाईसी न होने के कारण जिन किसानों के खाते में पैसा नहीं आ रहा है उन सभी किसानों का केवाईसी किया गया। संतर पाल प्राविधिक सहायक कृषि,हल्का लेखपाल संतोष कुमार बिंद, पंचायत सहायक पूनम कुशवाहा, रोजगार सेवक अनूप कुमार द्विवेदी,सफाई कर्मचारी बलवंत, ग्राम प्रधान राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## अमेठी समाचार

## पवित्र ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को जगह जगह हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**जगदीशपुर अमेठी।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार के अवसर पर दिन भर आस्था का जनसैलाब उमड़ा रहा। हनुमान मंदिरों पर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अमेठी जनपद के गांवों व कस्बों के चौराहों से लेकर गली मुहल्लों तक आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भीड़ उमड़ती रही। विकासखंड जगदीशपुर क्षेत्र में जेष्ठ माह के अंतिम मंगलवार के शुभ अवसर पर भक्त बजरंगबली के जयकारों की गूंज से वातावरण मंगलमय देखा जा रहा था। सुबह से ही रामभक्त ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर भंडारे का आगाज शुरू किया। कस्बे के चौराहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही थी। वहीं पूरा दिन मंदिरों में हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे। क्षेत्र में भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। भक्तों द्वारा बजरंगबली जी को लड्डुओं का भोग लगाया गया। जगह जगह स्टाल लगाकर भंडारे के आयोजन भी किए गए। मंदिरों को रंग-बिरंगे फुलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर धार्मिक जनों ने अपने घरों में भी सुंदर कांड और रामचरित मानस पाठ के आयोजन किए। वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन कई जगहों पर देखने को मिला जैसे ब्लॉक के पास ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में पूड़ी सब्जी ,नुकती आदि की व्यवस्था की गई थी वहा पर उपस्थित भक्तगण सीएचसी प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार तिवारी, सूर्या हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ देवेन्द्र शर्मा , प्रधानाचार्य मान सिंह राठौर विशाल विक्रम सिंह विक्की सिंह कैमा प्रदीप सिंह गोकुल कौशल राधेश्याम तिवारी तेतारपुर भगवती सिंह चौधीपुर व सम्मानित व्यक्ति गण मौजूद रहे। वही पुलिस बूथ चौराहे पर समाजसेवी जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञ सैनी की अध्यक्षता में नगर भोग छप्पन भोग विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर भक्तों द्वारा व श्रद्धालुओं के द्वारा जयकारा लगाते हुए तरह तरह के व्यंजन प्रसाद के रूप में भक्तगण ग्रहण किए। इस दौरान भंडारे में उपस्थित पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी सुरेश यज्ञ सैनी प्रदीप सिंह थौरी उपमा सरोज, क्रांतिकारी, लालू यज्ञ सैनी, राम जी, मोनू, संजीत कौशल, मुन्ना त्रिवेदी,बलराम यज्ञ सैनी व समस्त समाजसेवी कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।

### ग्रामसभा एक्का ताजपुर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**शुकुल बाजार अमेठी।** ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार के अवसर पर दिन भर आस्था का जनसैलाब उमड़ा रहा। ग्राम सभा एक्का ताजपुर के हनुमान मंदिरों पर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अमेठी जनपद की ग्राम सभा इक्का तजपुर मे आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भीड़ उमड़ती रही। क्षेत्र में जेष्ठ माह के अंतिम मंगलवार के शुभ अवसर पर भक्त बजरंगबली के जयकारों की गूंज से वातावरण मंगलमय देखा जा रहा था। सुबह से ही रामभक्त ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर भंडारे का आगाज शुरू किया। श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही थी। वहीं पूरा दिन मंदिरों में हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे। क्षेत्र में भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। भक्तों द्वारा बजरंगबली जी को लड्डुओं का भोग लगाया गया। ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर धार्मिक जनों ने अपने घरों में भी सुंदर कांड और रामचरित मानस पाठ के आयोजन किए। वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन ग्राम सभा इक्काताजपुर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में पूड़ी सब्जी हलवा नुकती आदि की व्यवस्था की गई थी जिसमें समाजसेवी महेश दुबे समाजसेवी वीरेंद्र तिवारी उद्योगपति भूपेंद्र सिंह संतोष पाण्डेय,,नरेंद्र शुक्ला,दिनेश शर्मा,दुर्गेश पाण्डेय,राहुल दुबे,अंजनी पांडेय,जय नारायण पांडेय सहित अन्य ग्रामवासी ।भक्तगण व सम्मानित व्यक्ति गण मौजूद रहे इस दौरान भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु देखे गए।

## नगर कोराव की गठित नई सरकार की पहली बैठक आहुत

**नगर के समग्र एवं सर्व समाज के विकास हेतु समर्पित : ओम केसरी**

**भाजपा विधायक कोराव ने नगर विकास में सहयोग की बात कही**

अखंड भारत संदेश



बैठक में भाग लेते चेयरमैन,विधायक एवं सभासद गण

**कोरांव।** नगर पंचायत की नई कार्यकारिणी और गठित नगर की नई सरकार की पहली बैठक नगर पंचायत सभागार में मंगलवार को नवनिर्वाचित चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी निर्वाचित सभासदों एवं मीटिंग में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने नगर पंचायत कोरांव के प्रत्येक मोहल्लों में जाम नालियों की साफ-सफाई मरम्मती करण नवनिर्माण मार्गों के सुद्रीकरण, वाटर एवं विद्युत सप्लाई तालाबों के सुंदरीकरण अवैध अतिक्रमण तथा पात्रों के पीएम आवास आदि योजनाओं के व्यवस्था की गहन चर्चा के साथ प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक में ओमप्रकाश केसरी चेयरमैन ने अपने समस्त सभासदों एवं आमंत्रित अतिथियों भाजपा विधायक से समुचित सहयोग का आवाहन किया। जिससे नगर का समुचित विकास हो सके।श्री केसरी चेयरमैन ने टी एन मिश्रा ई ओ कोराव नगर पंचायत को प्रस्तावित और सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार प्राक्कलन तैयार करने तथा उसे अग्रिम कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिये। राजमणि कोल विधायक कोरांव ने सदन में बताया कि पूर्व में डीआरडीए को मेरे द्वारा स्वीकृत लगभग 25 लाख रुपए के यथोचित विकास कार्य का क्रियान्वयन तत्काल कराया जाए। उन्होंने नगर के विकास हेतु समर्पित रहने की अपनी कृति संकल्पता जताई। चेयरमैन ने सभी आमंत्रित जन प्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों की पहली बैठक में आभार जताते हुए कहा कि लोग सेवा भावना से जनहित में सहयोग करें। जिससे सभी जाति धर्म मजहब के लोगों का उनके वार्डों का विधिवत मूल भूत समस्याओं का निदान तथा विकास हो।और उन्हें समाज और बिकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## आम के बाग में शख्स की सिर कूचकर हत्या, चरपाई पर मिला लहूलुहान शव

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां सहसों के थरवई इलाके में सोमवार रात एक शख्स की ईंट-पत्थर से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। सुबह लोगों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया। जानकारी होते ही पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, थरवई थाना इलाके के सिंगरामऊ गांव के रहने वाले संतोष कुमार मिश्रा (45) पुत्र स्वर्गीय छविनाथ मिश्रा तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। सोमवार शाम गांव में ही एक तेरहवीं का निमंत्रण खाकर आया था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह गांव में ही कोखराज हंडिया हाईवे के किनारे स्थित आम के एक बड़े बगीचे में पड़ी चारपाई पर खून से लथपथ संतोष का शव ग्रामीणों ने देखा। हत्या की जानकारी परिजनों को हुई तो रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। थरवई पुलिस के साथ ही गंगानगर डॉग स्क्वायड टीम भी मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पंचायत कर्मी हुआ घायल



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर खड़े होकर साधन का इंतजार कर रहे ब्लाक कर्मी को तेज रफ्तार बाइक सवार टक्कर मरते हुए एक कार में टकरा गए। जिसमे ब्लाक कर्मी के पैर में गम्भीर चोट आई है। लोगो ने बाइक सवार युवकों को पकड़ लिया तो पता दोनों पेपर देने जा रहे थे इस लिए उन्हें छोड़ दिया गया। जन संदेश व अखंड भारत के संपादक अनूप मिश्रा ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए बताया कि उनके बड़े भाई गोपी क?ष्ण मिश्रा सैदाबाद ब्लाक में पंचायत विभाग में तैनात है। मंगलवार की सुबह वह ड्यूटी पर जाने के लिए त्रिवेणीपुरम गेट के सामने साधन का इंतजार कर रहे थे। तभी शहर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार युवकों ने गोपी कृष्ण को टक्कर मरते हुए सामने खड़ी एक कार में टकरा गए। हादशे में गोपी कृष्ण के पैर में गंभीर चोट आई और वो सड़क पर गिर पड़े। लोगो ने बाइक सवार को पकड़ लिया तो युवको ने बताया कि वो परीक्षा देने जा रहे है जल्दी में थे इस लिए युवको की गाड़ी की फोटो खींच उन्हें छोड़ दिया। बाइक कौशाम्बी में तैनात एक सिपाही की बताई जा रही है।

# गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का शैलाब, उतारी आरती

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** गंगा दशहरा मंगलवार को बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। संगम के साथ झूंसी, हनुमानगंज के गंगा घाट पर स्नान, पूजा अर्चना करने वालो की भीड़ रही। शाम को घाटों पर मा गंगा की सामूहिक आरती उतारी गई। स्थानीय लोगो ने मंगलवार को तेज धूप गंगा स्नान कर आने जाने वालों को दही, लस्सी व शरबत पिलाया गया। छतनाग घाट पर शाम को गंगा मईया की सामूहिक आरती उतारी गई। युवा नेता अंगद यादव के साथ उपस्थित लोगों ने आरती कर माँ गंगा से आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजक रवि चंद्र यादव (बऊ) पार्षद शिवनरायन यादव उर्फ घुंनु, राजेन्द्र शाहू, प्रीतम सिंह, रामभुवन शर्मा आदि मौजूद रहे।







### गंगा दशहरा पर पारस फाउंडेशन के सदस्यों ने किया शरबत वितरण

**प्रयागराज।** गंगा दशहरा एवं अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर मीरापुर के ललिता देवी मंदिर रोड पर स्थित हनुमान मंदिर पर राहगीरों को शरबत वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमे महानगर उपाध्यक्ष भाजपा बृजेश मिश्रा, एवम अतरसुइया पुलिस चौकी प्रभारी अर्चना चौबे , विशिष्ट रूप से सम्मिलित रहे। साथ ही अभिषेक ठाकुर, रेखा कनौजिया, मधुमिता नाथ, सुभाष तिवारी, अनिल पांडेय, अरुण निषाद, मोनिका अरोरा, पुष्पा विश्वकर्मा, इंदू विश्वकर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

## गंगा दशहरा पर्व पर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते दुकान जी



**प्रयागराज।** गंगा दशहरा महोत्सव के पावन पर्व पर गंगा के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए अनेको संस्थाओ ने दशाश्वमेध घाट से संगम तक स्वच्छता अभियान के तहत लोगो को गंगा को प्रदूषण से बचाए रखने के जागरूक करते हुए वही प्रयागराज के स्वच्छता ब्रान्ड एमबेस्डर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकान जी गंगा स्वच्छता परिधान पहनकर लोगो को जागरूक करते हुए कह रहे है गंगा हमारी राष्ट्रीय नदी है ईसे बचाना हमारा आप का कर्तव्य है क्योकि जिसे हम मा कहते है वो चिल्ला चिल्ला कर कह रही है प्यारे भक्तो अगर ईसी तरह हमारे उपर गन्दगी करते रहोगे तो एक दिन हम प्रयागराज से चली जाउगी और आप दो बूद अमृत जल के लिए तरस जाओ ईस लिये दुकान जी लोगो से गंगा मे माला फूल हवन सामाग्री न डाले जिससे राष्ट्रीय नदी गंगा प्रदूषण से मुक्त रह सके सभी आने वाले भक्तो तिर्थपुरोहितो नाविको को भी घूम घूम कर जागरूक कर रहे है संगम छेत्र को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिये पूरे छेत्र मे पॉलिथिन प्रतिबन्धित है ईसका प्रयोग न करे न दूसरे को करने दे पॉलिथिन पर्यावरण के लिए नाषूड है प्रकृति का न करे हरण आओ बचाये पर्यावरण एक पेड लगाओ अपना जीवन बचाओ अगर गंगा को बचाना है तो पर्यावरण को भी बचाना है गंगा शुद्ध अमृत जल पर्यावरण शुद्ध वायू देती है सभी लोग संकल्प ले गंगा को बचायेंगे तभी अमृत जल पायेगे पर्यावरण को बचायेगे तो शुद्ध वायू पायेंगे।

## अरैल में भव्य शरबत एवं पूड़ी सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया

**नैनी।** अरैल में भव्य शरबत एवं पूड़ी सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया मां गंगा के अवतरण दिवस "गंगा दशहरा" पर अरैल घाट पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल एवं चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी द्वारा भव्य शरबत एवं पूड़ी सब्जी का भंडारा आयोजित किया गया। जिसमे आजाद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना पाण्डेय-आजाद, पार्षद राकेश जायसवाल, सरस्वती संस्थान के अध्यक्ष संतोष तिवारी, सचिव कुंवर जी तिवारी , धीरज यादव, सुनील मिश्रा, विकास मिश्रा,ऋषि दीक्षित, महेश प्रसाद केसरवानी,ए.के.चौबे, पूर्णिमा चौबे,पूनम तिवारी,बबीता जायसवाल,मीनू पाण्डेय,प्रमोद मिश्रा, सुनील कुशवाहा,धीरज राजवानी,सौरभ यादव, आत्म प्रकाश यादव,रवि पटेल, प्रवीण तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी, शुभेंदु घोष, विष्णु केसरी, दिनेश यादव,आदि उपस्थित रहे।





# जीवन ज्योति अस्पताल के इलेक्ट्रिक पैनल में शार्ट सर्किट से लगी आग

**अस्पताल के पिछले हिस्से में शार्ट सर्किट से हुआ हादसा, सभी मरीज सुरक्षित**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जीवन ज्योति अस्पताल के ऑक्सीजन पैनल के ऊपर इलेक्ट्रिक पैनल में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। वहां लगी एसी भी आग की चपेट में आ गई और एसी फट गई। चिंगारी इलेक्ट्रिक पैनल रूम में पहुंच गई और देखते ही देखते इलेक्ट्रिक पैनल कक्ष धू-धूकर जलने लगा। धुआं देखते ही आस पास के लोग और अस्पताल के स्टाफ वहां पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे।सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। अच्छी बात यह रही कि शार्ट सर्किट जिस जगह पर हुई वह अस्पताल के बिल्कुल पिछले हिस्से में है, उधर मरीज या तीमारदारों का आना जाना नहीं होता है। यही कारण रहा है कि सभी सुरक्षित हैं।



**बड़ा हादसा होने से बचा :** सीएफओ आरके पांडेय ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही पूरी टीम मौके पर पहुंच गई। अथक प्रयास के बाद आग बुझाने में सफलता मिली। यदि आग बुझाने में देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि रामबाग स्थित जीवन ज्योति अस्पताल घने इलाके में है। आस पास बड़ी संख्या में दुकानें हैं और हजारों लोग यहां मौजूद रहते हैं। एफएसओ नागेंद्र द्विवेदी ने कहा, अस्पताल के पास आग बुझाने के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध थे जिससे आग बुझाने में मदद भी मिली।

## दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गोकशी के आरोपी की 3 दिन पहले हुई थी पिटाई, नशे का था आदी**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गोकशी के आरोपी समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। गोकशी का आरोपी 2 महीने पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। 3 दिन पहले उसका पास की बाजार के जूता चप्पल के दुकानदार से विवाद हुआ था। जिसमें उसकी जमकर पिटाई की गई थी।यमुनापार के घूरपुर थाना क्षेत्र में पालपुर बगिया निवासी गुलाम मुस्तफा पुत्र स्व. आफताब अहमद की पत्नी रुखसार बेगम है। उसके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। वह गोकशी के मामले में कई बार जेल जा चुका था। अभी वह 2 महीने पहले भी गोकशी के प्रकरण में ही जमानत पर छूट कर बाहर आया था। परिजनों ने बताया कि वह नशे का आदी था। तीन-चार दिन पहले क्षेत्र के दादूपुर बाजार में एक जूते चप्पल की दुकान में जाकर उसने दारु के नशे में हंगामा किया था। जिसमें झगड़ा हो गया था। वहां पर मौजूद लोगों ने उसकी लाठी डंडे से जमकर पिटाई की थी। जिससे उसका सिर फट गया था। शरीर पर चोट भी लगी थी। इस वजह से घर में ज्यादा कलह भी हुई थी। सुबह उसने कमरे में घर की छत पर लगी बल्ली में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी ने देखा तो शोर मचाया। घरवाले दौड़े उसे फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### सड़क के किनारे मिला हलवाई का शव

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के कोरांव बाजार में हलवाई का काम कर रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गंगापार के नवाबगंज थाना क्षेत्र में कौड़ीहार के रघवा सराय गांव निवासी सुनील कुमार करीब 15 वर्ष पूर्व कोरांव में आकर रहने लगा था। तभी से वह यहां हलवाई का काम कर अपनी आजीविका चलाता था। रविवार को शाम 4 बजे के आसपास कोरांव बाजार के शास्त्री नगर मोहल्ले में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# मंगलवार को एक ही चिता पर जलीं दोनों बहने

**चौबीस घण्टे छाया रहा मातम, घरों में नहीं जले चूल्हे**

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के नौढ़िया तरहार गांव में सोमवार सुबह यमुना नदी में छोटे भाई के साथ नहाने गई दो चचेरी बहनों की डूब कर मौत हो गई थी।दोनों के माता पिता के बाहर होने से दोनों शवों को अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। लालापुर के नौढ़िया तरहार निवासी दिनेश उर्फ पप्पू द्विवेदी व अम्बीश उर्फ दीप द्विवेदी बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं।सोमवार को दिनेश की बेटी श्रेया उर्फ परी 16, बेटा कृष्णा 14 वर्ष व अम्बरीश उर्फ दीप की पुत्री जागृति उर्फ प्रिया 16 यमुना नदी नहाने के लिए गई थी।नहाने के दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई थी।मंगलवार सुबह दिल्ली से दिनेश दिवेदी व रायपुर से अम्बरीश उर्फ दीप के आने के बाद दोनों का अंतिम संस्कार उसी घाट पर किया गया जहां दोनों किशोरियों डूबी थी।दोनों को एक ही चिता में मुखाग्नि दी गयी।शव यात्रा में ग्रामीणों के अलावा आस पास के गांव के लोग मौजूद रहे। सभी की आंखें नम थी।



### जब एक साथ उठी दो अर्थी...

**लालापुर।** यमुना में डूबी चचेरी बहनों की अर्थी एक साथ उठी तो परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे जागृति की मां मंजू व भाई बहन दहाड़े मार कर रो रहे थे। चीख पुकार से पूरा गांव गूंज रहा था। सभी की आंखें घर वालों को देख छलक रही थी कि आखिर क्यूं टूट पड़ा परिवार पर दुखों का ये पहाड़।

# महिला पुलिसकर्मी समेत दो महिलाओं से साइबर ठगी

**दोनों महिलाओ के एकाउंट से उड़ा दिए 1.25 लाख, एफआईआर दर्ज**




**प्रयागराज।** पुलिस की लाख कोशिशो के बावजूद साइबर क्राइम पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिसका पुलिस वाले भी खुद ही शिकार हो रहे है। जबकि पुलिस आम लोगों को लिए साइबर क्राइम से बचने के लिए अक्सर जन जागरूकता अभियान चलाती रहती है घटनाक्रम में साइबर ठगी का शिकार हुए हैं जिनकी एफआईआर दर्ज कर ली गई है। **बैंक स्टेटमेंट से ठगी का चला पता :** महिला हेड कांस्टेबल लक्ष्मी देवी ने कर्नलगंज थाने में तहरीर देकर बताया है कि साइबर ठग ने अपनी बातों में फंसा करके उनके बैंक खाते से 25 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया। बैंक स्टेटमेंट से पता चला कि इंडियन बैंक अजमेर की शाखा से उनके बैंक एकाउंट से रुपए ट्रांसफर करके निकाले गए हैं कर्नलगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर प्रकरण साइबर सेल को टांसफर कर दिया एटीएम से बाहर आते ही खाते से हुआ ट्रॉंजिक्शन इसी क्रम में जौनपुर जिले की रहने वाली लता भी साइबर ठगी का शिकार हुई हैं। उन्होंने कर्नलगंज थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि वह एटीएम से रुपए निकालने के लिए एटीएम बूथ पर गई थी। लेकिन वहां रुपए नहीं निकले एटीएम से बाहर आते ही उनके बैंक खाते से दस हजार रुपए का ट्रांजैक्शन होने का मैसेज आ गया उसके बाद 7 बार में कुल एक लाख रुपए उनके बैंक खाते से ट्रॉसपफर हो गए उन्होंने शक जताया कि एटीएम के अंदर मौजूद युवकों ने उनके साथ ठगी की है एटीएम मशीन में कुछ ऐसी सेटिंग की थी। जिसके वजह से उनका एटीएम कार्ड हैक हो गया। उन लोगों ने उनके बैंक अकाउंट से एक लाख रुपए उड़ा दिए पुलिस का कहना है कि दोनों एफआईआर दर्ज की गई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पकड़ा गया हाईवे लुटेरों का गैंग, 3 गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**एक फरार, महीने भर में हुई 8 लूट की घटना**

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के गंगापार क्षेत्र में हाईवे पर आतंक का पर्याय बन चुके बाइक सवार लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है।डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती का कहना है कि 27 मई को तीनों ने एक व्यक्ति का मोबाइल और नकदी छीना था। जिसके बाद स्वाट और सर्विलांस की टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तीनों लुटेरों को गिरफ्तार किया है। तीनों से अभी पूछताछ की जा रही है। उनके पास लूट के 7 मोबाइल, 1 चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस समेत नकदी की बरामदगी की गई है। पुलिस का दावा है कि हाईवे पर जो भी लूट की घटनाएं हो रही थी। वह यही तीन युवक कर रहे थे। इनका एक साथी अभी फरार है।

**बहमलपुर हवाई पट्टी के पास से आरोपी गिरफ्तार :** डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती के मुताबिक 27 मई की शाम गोपाल यादव निवासी बंतरिया, बहरिया, प्रयागराज से 40 नंबर गोमती, थाना थरवई के समीप से बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट की। उनका मोबाइल और रुपए छीनकर फरार हो गए। रोड पर भीड़ इकट्ठे होता देखकर सभी बदमाश मौके से भाग गए। स्वाट, सर्विलांस और स्थानीय थाने की पुलिस टीम ने 29 मई को तीन लुटेरा दिनेश भारतीय उर्फ गोलू, विराट भारतीय उर्फ गोलू और पवन कुमार उर्फ पिंटू लोहार निवासी बहमलपुर, थरवई, प्रयागराज को बहमलपुर हवाई पट्टी के पास से गिरफ्तार किया।



**हाईवे से दोपहिया वाहन वालों को गुजरने में लगने लगा था डर :** डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती ने बताया कि विराट पर पहले से ही 4 और दिनेश पर दो लूट के एफआईआर दर्ज हैं। यह लोग शौकिया लूट, छिनैती की घटनाएं करते थे। इनके पास जो मोबाइल बरामद किए गए हैं। उनमें से एक मोबाइल 27 मई को छीना गया गोपाल यादव का है। बाकी के बारे में भी छानबीन की जा रही है। अभी इनसे पूछताछ जारी है ।

**एक महीने में लूट की 8 से अधिक घटना को दिया अंजाम :** थरवई थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने पिछले एक महीने में लूटने कि 8 से अधिक घटना को अंजाम देकर दहशत फैला दी थी। इन बदमाशों के शिकार पुलिस और सेना के लोग भी हुए। स्थानीय पुलिस इन घटनाओं को इग्नोर करती चली आ रही थी। जिससे थरवई थाना क्षेत्र के हाईवे से दोपहिया वाहन वालों को गुजरने में डर लगने लगा था। पुलिस का कहना है कि अब ऐसी घटनाएं नहीं होगी।

## न्यूज झरोखा

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सम्भव सुनवाई में उमड़े फरियादी



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा दिनांक 30 मई 2023 को अपने कार्यालय में जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, अम्बरीश बिन्द, जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, नीरज सिंह, अमरजीत यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, सहायक अभियन्ता स्वप्निल जैन, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज तथा अधिषाशी अभियन्ता विद्युत राधे कृष्ण लाल, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अनूपमा श्रीवास्तव आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गणेश विद्यार्थी सभागार में मनाया गया पत्रकारिता दिवस



**प्रयागराज।** इलाहाबाद न्यूज रिपोर्टर क्लब (प्रेस क्लब)के तत्वाधान में क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अशोक चतुवेर्दी ने स्व0 गणेश शंकर विद्यार्थी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए हिन्दी पत्रकारिता दिवस का शुभारम्भ किया, सभा का संचालन क्लब के सचिव मुनेंद्र बाजपेयी ने किया, इस दौरान निष्पक्ष पत्रकारिता करने हेतु उनकी सुरक्षा, सम्मान पर विशेष चर्चा की गई क्लब के अध्यक्ष व सचिव द्वारा क्लब के तीन कर्मठशील वरिष्ठ पत्रकारों रतन दीक्षित, सुधांशु उपाध्याय, रामशंकर श्रीवास्तव को 11 हजार रु. व अंगवस्त्रं से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया, जिसे आगे शीघ्र ही किसी कार्यक्रम में सम्पन्न किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुनेंद्र बाजपेयी ने कहा कि पत्रकारों के त्याग, समर्पण व सेवा भाव को ध्यान दिया जाएगा, कार्यक्रम में संयुक्त सचिव अनंतराम कुशवाहा, आय ब्यय निरीक्षक मो0 मोइन, धीरेंद्र द्विवेदी, छत्रपति शिवाजी, सर्वेश दुबे, मनीष पालीवाल, इमरान लईक, सुधीर शुक्ला, मो0 गुफरान, शोएब रिजवी, पंकज चौधरी, मुलायम सिंह बिसेन, अरुण सोनकर, विमल श्रीवास्तव, पाण्डेय जी, विमलेश मिश्रा, धीरज द्विवेदी सहित भारी मात्रा में पत्रकार व प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार व छायाकार उपस्थित रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे मिली अधेड़ की लाश

**नैनी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र में रामपुर रेलवे क्रॉसिंग से करीब 200 मीटर की दूरी पर मिजार्पुर की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव की पड़ा मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं शव देखकर लोगों ने हत्या की आशंका जताई है जबकि पुलिस एक्सीडेंट मान रही है औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत रामपुर रेलवे क्रॉसिंग से मिजार्पुर की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन पर एक युवक की लाश पाई गई उसका जहां शव पड़ा मिला वहां से कुछ दूरी पर काले रंग की एक रुमाल चप्पल शराब की बोतिल, प्लास्टेक का गिलास और नमकीन के पैकेट पड़े हुए थे। उसके सिर पर किसी हथियार से वार किया गया था जिससे खून निकल रहा था। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की छानबीन की उसके बाद शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सका युवक के पेट में रगड़ का निशान प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उसके सिर पर चोट के अलावा पेट में रगड़ का निशान था जिससे ऐसा लग रहा था जैसे उसको कहीं से घसीट कर लाया गया है वह नीले रंग का पैंट और सफेद लाल चेकदार शर्ट पहने हुए है कमर में बेल्ट लगी हुई है लेकिन उसके पास ऐसा कोई डॉक्यूमेंट नहीं मिला जिसके माध्यम से उसकी पहचान कराई जा सके थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र संजीव चौबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ट्रेन एक्सीडेंट लग रहा है लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, कि वह रेलवे लाइन पार कर रहा था या फिर किसी ट्रेन से गिरा है। पहचान भी नहीं हो पाई है।

# पारम्परिक और आध्यात्मिक गीत समाज की थाती : डॉ.भगवत

अखंड भारत संदेश

**लोक मंगल संस्थान में लोक कलाकारों की संगोष्ठी का आयोजन**




**करछना।** हमारी सनातन मान्यताओं के अनुरूप समाज में प्रचलित अपने आध्यात्मिक और पारंपरिक गीत हमारी अनमोल पूंजी और थाती हैं।लोक कलाकारों को चाहिए कि इन्हें सजोते हुए अपनी नई पीढ़ी में इस परंपरा का सृजन करें। क्षेत्र के रामपुर स्थित लोकमंगल संस्थान में आयोजित लोक कलाकारों की संगोष्ठी के बीच यह बातें संस्थान के संरक्षक और मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कही। उन्होंने अपनी युवा पीढ़ी में पौराणिक आख्यानों के जुड़े गीतों के साथ साथ हमारी मान्यताओं और देवी-देवताओं की महिमा से युक्त गीतों का भी प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। मोहन जी द्वारा प्रस्तुत हनुमत वंदना के उपरांत,जमुनापार लोक कलाकार समिति के अध्यक्ष श्यामलाल बेगाना ने आध्यात्मिक गीत पर खूब तालियां बटोरी तो वहीं वरिष्ठ लोक कलाकार रामबाबू यादव ने भी अपने गीतों में हनुमत महिमा का बखान किया। लोक कलाकार इंद्रजीत यादव,फूलचंद यादव ने राधेश्याम कृत रामायण की चौपाइयों का पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। अशर्फी लाल और संजय शर्मा के गीत गजल खूब सराहे गये। लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत गंगा गीत और राम केवट संवाद से संबंधित गीत प्रस्तुत करते हुए तालियां बटोरी। शायर सबरेज अहमद के मुक्तकों में गंगा -जमुनी तहजीब की झलक मिली तो वहीं संगोष्ठी का संचालन कर रहे वरिष्ठ गीतकार डॉ.राजेंद्र शुक्ल ने अपने समाज में संस्कार और उपासना गीतों को सहेजने हेतु कलाकारों को आगे आने पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे संस्थान के प्राचार्य लोक कवि रामलोचन सांवरिया ने कई सुझाव देते हुए कलाकारों को सीखने सिखाने पर जोर दिया। इस दौरान आगामी जून माह में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। संगोष्ठी के संयोजक हास्य कवि अशोक बेशरम ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। इस मौके पर राष्ट्र गौरव तिवारी, कुश श्रीवास्तव, वेद श्रीवास्तव, मानिक लाल ओझा, शोभनाथ द्विवेदी, आशुतोष, हर्षवर्धन सिंह, विजयपाल, अतुल तिवारी, विनय सिंह, देवेश त्रिपाठी समेत कई कलाकार और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

# एनपीएस, निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा 1 जून को चम्पारण से

अखंड भारत संदेश



**लोकसभा चुनाव से पहले ओपीएस बहाली हमारा लक्ष्य : कामरेड मनोज पाण्डेय**

**कोरांव।** एनसीआरडब्ल्यूयू केंद्रीय कार्यालय में कार्यकरणी की बैठक के बाद प्रेस रिलीज जारी करते हुए कॉम मनोज पाण्डेय केंद्रीय महामंत्री एनसीआरडब्ल्यू व आरेफ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि रेलवे सहित देश भर सरकारी कर्मचारियों की मुख्य मांग पुरानी पेंशन बहाली है, जिसके लिए नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन अपने जन्मकाल से ही रेलवे के सभी कटेरिगल एसोसिएशन सहित राज्य कर्मचारियों के साथ मिलकर संघर्ष कर रहा है। पांडेय ने कहा जिसका नतीजा है राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, हिमाचल इत्यादि जगह ओपीएस बहाल हुई है। लोकसभा चुनाव से पहले देश भर में ओपीएस बहाल इसलिए नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीमएनएमओपीएस, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस-इन- रेलवे एफ ए एन पी एस आर , बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) द्वारा बिहार राज्य के चंपारण के भितिहरवा (जहां से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह शुरू कर देश की आजादी मे महती भूमिका निभाया था। से 1 जून 2023 से एनपीएस, निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा शुरू किया जा रहा है। फ्रंट अगेनस्ट एन पी एस इन रेलवे के राष्ट्रीय महामंत्री काम. राजेंद्र पाल ने बताया कि यात्रा भितिहरवा चम्पारण बिहार से शुरू होकर विभिन्न जिलों से होते हुए 04 जून 2023 को सिताबदियारा (सारण) होते हुए बलिया, उत्तर प्रदेश में पहुंचेगा। वहां से गाजीपुर, मुगलसराय होते हुए 6 जून को शाम इलाहाबाद जनपद में प्रवेश करेगा, 7 जून को सुबह 9 बजे प्रयागराज जं पर पहुँचने पर एफ ए एन पी एस आर एनसीआर जोनल कमेटी, नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन व राष्ट्रीय अध्यक्ष-इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन की जोनल कमेटी सहित अटेवा व अन्य राज्य व केंद्रीय कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा,एनपीएस, निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा की अगुआई नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम एन एम ओ पी एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस-इन-रेलवे एफ ए एन पी एस आर के राष्ट्रीय महासचिव का०राजेन्द्र पाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिलेश यादव, नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे एन एम एस आर के राष्ट्रीय प्रचार सचिव डॉ कमल उसरी, महासंघ (गोप गुट) के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा, एन एम ओ पी एस बिहार अध्यक्ष वरूण पाण्डेय व रेलवे के सभी कटेरिगल एसोसिएशन सहित देश भर के कई अन्य के संगठन सहयोग व नेतृत्व करेंगे। बैठक में मुख्य रूप कॉम मनोज पाण्डेय केंद्रीय महामंत्री- नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन डॉ कमल उसरी - राष्ट्रीय प्रचार सचिव नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे कॉम संजय तिवारी- केंद्रीय कोषाध्यक्ष सैयद इरफात अली - सहायक महामंत्री, विनय तिवारी - संगठन मंत्री, कॉम शिवेन्द्र प्रताप सिंह- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , कॉम चंदन कुमार जोनल संयोजक प्रयागराज , सैयद आफताब अहमद, अफरोज आलम, कर्मवीर सिंह मंडल अध्यक्ष प्रयागराज, राकेश शर्मा, सुनील गुप्ता, राहुल चौरसिया मंडल मंत्री आगरा, डी के राज मंडल मंत्री झाँसी, विमल कनौजिया, रियाज अब्बास रिजवी, पंकज कनौजिया, जीतेन्द्र विशवकर्मा, इफ्तेखर अहमद, अमित कनौजिया, ओम पाल यादव, राम चन्द्र प्रजापति, विजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर 11551 दीपों से जगमग हुआ बेल्हा देवी धाम

## काशी के पुराहितों ने की महाआरती



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव में आज मां बेल्हा देवी धाम में सुबह से ही मां के भक्तों का आवागमन शुरू हो गया। मंदिर परिसर की सजावट देखते ही बन रही थी। पूरा धाम फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया गया। गेट से घुसते ही लग रहा था आज सारे देवी देवता यहां विराजमान है। आने वाले भक्तों को आशीर्वाद दे रहे हैं। शाम को जब 11551 दीपों से सभी घाटों को प्रकाशमय करके काशी के पुरोहितों द्वारा मां सई गंगा की महाआरती शुरू हुई तो काशी, प्रयाग, हरिद्वार सा दिखने लगा। भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। अब की बार महोत्सव के लिए आयोजन समिति ने विशेष व्यवस्था की थी। पूरे घाट पर जब पंचमुखी संघों से ध्वनि करते पुरोहितों संघ महिलाओं व अतिथियों ने महाआरती की उस समय का नजारा लग रहा था जैसे तीनों लोग के देवता स्वयं मां गंगा की आरती में शामिल होकर भक्तों को आशीर्वाद दे रहे हैं।

शाम को 11551 दीपों से सारे घाटों को प्रकाशमय करके 7 बजे मां सई गंगा की महा आरती की गई, जिसमें काशी से आए हुए पुरोहितों ने महाआरती की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की सारी व्यवस्था की थी। एस0डी0एम0 सदर, सी0ओ0 सिटी, कोतवाल आदि अधिकारीगण पूरी व्यवस्था में जी जान से सहयोग कर रहे थे। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह (मुन्ना भैया) ने कहा कि गंगा दशहरा महोत्सव के अवसर पर जल, नदियों एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इसी भीड़ से गदगद प्रमोद सिंह ने कहा कि मां की महिमा है कि पूरे जिले के भक्तगण आज इस दीपदान में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि कार्यक्रम में सभी अतिथियों को विभिन्न पौधे देकर सम्मानित किया गया। महाआरती में शामिल होने वालों में सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य एडीएम, ए0एस0पी0, एसडीएम सदर, सीओ सिटी कोतवाल आदि अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण के अलावा सुरेश अग्रवाल, विवेक उपाध्याय, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, प्रदीप शुक्ला, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, रघु पंडा, मनोज पंडा, सनी तिवारी, त्रिवेणी तिवारी, आशीष पाठक, आशीष कुमार, सुरेश मास्टर, जग्गू पंडा, सोनू पंडा, मोनू पंडा, प्रमोद, अजय, गैडा, अरविंद कोटेदार, भारत, दीपक, प्रदीप, विजय, बच्चा, राजू ,अमन, मोनू, पप्पू पांडे, गिरजा, गणेश, बीनू, गोलू, रविंद्र, इंद्रेश, संजय बाबा आदि हजारों की संख्या में भक्त महा आरती में शामिल हुए।

# अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरिः राधारमण मिश्र

## पट्टी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार को पट्टी तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, जिसमें नगर के अधिवक्ता सहित अन्य नगरवासी मौजूद रहे। तहसीलदार मनोज राय ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट राधारमण मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे महामंत्री अनिल कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश तिवारी और विकास श्रीवास्तव तथा मानस त्रिपाठी सह मंत्री मनीष तिवारी, बबलू, सचिन कुमार सिंह, राहुल सिंह, अरुण कुमार पांडे को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा रमण मिश्र ने कहा कि अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है तथा उनके सम्मान के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विनोद पांडे ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए उन्हें समाज तथा राष्ट्र निर्माण का प्रमुख स्तंभ बताया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, डॉक्टर अखिलेश जयसवाल अधीक्षक, वरिष्ठ अधिवक्ता राम गुलाब सिंह, विपिन श्रीवास्तव, बुदुल सिंह, राकेश सिंह, अधिवक्ता रवि सिंह, अधिवक्ता अमित चौरसिया, अधिवक्ता बिंदु पाठक, आदि लोग मौजूद रहे।



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### गाय चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो दिन पहले पट्टी नगर वार्ड नंबर एक में रात के समय गाय चोरी हो जाने पर पीड़ित की शिकायत पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पट्टी नगर वार्ड नंबर 1 के शिक्षक अजय जयसवाल की गाय को पशु तस्करों ने रात के 3:15 बजे खोल कर उठा ले गए सारा मामला सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया तो पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दिया है।

### जबरन निर्माण कर रहे हैं आरोपी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिला के घर पर ठीक पीछे दीवार से सटाकर छप्पर रखने से मना करने पर महिला को आरोपी मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में देवसरा थाने में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अरैला गांव की रहने वाली रेहाना ने बताया कि वह अपना मकान निर्माण कर रही है उसके घर के दीवाल के पीछे वाले हिस्से पर पड़ोसी जबरन छप्पर रख रहे हैं। मना करने पर मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं और महिला को जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित महिला ने इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र दिया है।

### हनुमान जी की आराधना में मगन हुए श्रद्धालु

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम समेत मंदिरों मे दिन भर हनुमान भक्तों का जमावडा दिखा। वही आखिरी मंगलवार को लेकर जगह जगह राहगीरों को धमार्नुरागियों द्वारा शरबत का प्रसाद भी ग्रहण कराते देखा गया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी के साथ देवाधिदेव महादेव को मत्था टेकने में मशगूल दिखे। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर दर्शन पूजन में दिखे। लालगंज नगर की बाजार में हनुमत निकेतन धाम पर भी हनुमान भक्तों का दर्शन पूजन का सिलसिला देर शाम तक उत्साहजनक माहौल लिये दिखा। मंदिर के प्रबंधक वज्रघोष ओझा की अगुवाई में यहां दर्शनार्थियों व राहगीरों को शरबत पिलाया गया। चैक पर शिवम पाण्डेय के संयोजन में युवा टोली ने घुइसरनाथ धाम के लिए निकले श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया गया।

## गंगा दशहरा पर गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



गंगा घाट पर स्नान करत श्रद्धालुगण।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** गंगा दषहरा के मौके पर मंगलवार को विकास क्षेत्र कालाकांकर में गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। सुबह से ही श्रद्धालु घाट पर आने लगे थे और यह क्रम अपरान्ह तक चलता रहा। इसके अलावा विकास क्षेत्र कालाकांकर के केरावडीह चैराहे पर ज्येष्ठ माह के चैथे व अंतिम मंगलवार को गल्ला ब्यापारी राजाराम जायसवाल ने बजरंग बली के चित्र पर पूजन अर्चन कर हनुमान चालीसा का पाठ सम्पन्न कर शरबत, बूँदी व चना का प्रसाद वितरण किया जिसमे विकास कुमार अग्रहरि व अन्य लोगो ने आने जाने वालो को प्रसाद दिया। इसी क्रम में लवाना बाजार में नौलखा मंदिर परिसर मे ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को शरबत व बूँदी का प्रसाद वितरण किया गया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ सुंदरकाण्ड व भण्डारे का आयोजन, डीएम-एसपी को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जयेष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को संकट मोचन धाम पर कलेक्ट्रेट परिसर में सुंदरकांड का पाठ का आयोजन करके उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला अधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एडिशनल एसपी पूर्वी तथा पश्चिमी विद्यासागर मिश्र तथा रोहित मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, रजिस्ट्रार साहब विनोद सिंह, अनिल सिंह लाल साहब, रामअचल बर्मा, बसपा नेता आशुतोष तिवारी और तमाम जनप्रतिनिधि लोग भंडारे में उपस्थित हुए।

सभी का स्वागत और महामंत्री जेपी मिश्र तथा ऑल इंडिया रुलर्स बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने माल्यार्पण तथा बजरंगबली की मूर्ति देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष तिवारी निशुल्क ने किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता गण रोहित शुक्ला, दिवाकर सिंह, दिग्विजय सिंह, अशोक सिंह, बी के श्रीवास्तव, बिनय सिंह, आशीष श्रीवास्तव, प्रशांत दुबे, राहुल जैन, राहुल सिंह, अतुल सिंह, संतोष सिंह, दिव्यंत सिंह, प्रवीण चतुवेर्दी, रजनीश मिश्रा, मनीष सिंह, शक्ति सिंह, गंगेश, राघवेंद्र प्रताप सिंह लहरी महाराज आदि लोग उपस्थित थे। इसके अलावा शहर में जगह-जगह सुंदर काण्ड का पाठ, भण्डारा करने व शर्बत पिलाने का कार्यक्रम होता रहा। नया माल गोदाम रोड, निर्मल पैलेस चैराहा, टक्करगंज आदि स्थानों पर भी ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को कार्यक्रम हुए।



डीएम को सम्मानित करते आयोजकगण।

# दिल्ली में मासूम बेटी की निर्मम हत्या हैवानियत की पराकाष्ठाः प्रमोद तिवारी

## महावल गांव पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता एवं कांग्रेस की केन्द्रीय स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोलह वर्षीय बेटी साक्षी की हैवानियत की पराकाष्ठा पर हुई हत्या को अत्यन्त शर्मनाक एवं दिल दहला देने वाली वीभत्स घटना कहा है।

उन्होने कहा कि सोलह साल की मासूम बेटी की निर्मम हत्या में अपराधी को तो मौत की सजा मिलनी ही चाहिए उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए जो इस वीभत्स घटना को तमाशबीन के रूप में अपनी आंखो के सामने घटित होता देख रहे थे। मंगलवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर लालगंज पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि दिल्ली की पुलिस व्यवस्था भारत सरकार के गृह मंत्रालय से होने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रायः महिलाओं व बेटियों के साथ जघन्य अपराध हत्या तथा दुष्कर्म की घटनाओं से भारत की राजधानी दुष्कर्म अथवा हत्या की राजधानी की भयावह तस्वीर ले बैठी है। सांसद प्रमोद तिवारी इसके पूर्व उदयपुर क्षेत्र के महावल गांव पहुंचे। उन्होनें गांव में हाल ही में दुर्घटना में एक ही परिवार के मासूमों समेत चार सदस्यों की हृदयविदारक मौत पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मृतक मनोज सिंह के पिता लल्लन सिंह समेत परिजनों से मिलकर उनका दुख साझा किया। सांसद प्रमोद तिवारी लल्लन सिंह के घर पहुंचे तो घर का माहौल फिर दर्दनाक चीख मे बदल गया। उन्होनें स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से परिजनों को दुख की इस घड़ी मे ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, हृगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, ददन सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रभात ओझा, रामबोध शुक्ल, पप्पू तिवारी, रामकृपाल पासी, छोटे लाल सरोज, पवन शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, जयसिंह, आसिफ सिद्दीकी, मुस्ताक आदि रहे।



महावल गांव में दुखी परिजनों को ढांढस बंधाते सांसद प्रमोद तिवारी

# कहासुनी के बीच हमले में दो युवक घायल, पूछताछ मे जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो पक्षों के बीच कहासुनी को लेकर एक पक्ष के हमले में दो युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस एहतियातन दो आरोपियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जुटी हुई है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के बड़ा भडपुरवा मुस्तफाबाद का राजेश कुमार पटेल अपनी मौसी के लड़के रायबरेली के मछमरवा परशदेपुर निवासी रोहित के साथ सोमवार देर रात निमंत्रण से लौट रहा था। भडपुरवा के पास यह लोग पहुंचे कि राजेश लघुशंका करने लगा। इस पर गांव के सबाब अहमद के पुत्र अफताब ने आपत्ति जतायी। दोनों पक्षों मे कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर मे आरोप है कि आरोपी अफताफ ने अपने दो भाईयों के साथ राजेश व उसके मौसी के लडके को धारदार हथियार से हमला बोल दिया। चुटहिलों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और बीचबचाव किये। इधर लोगों ने हमले मे घायल राजेश व रोहित को सांगीपुर सीएचसी इलाज के लिए भेजवाया। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन समुचित इलाज को लेकर घायलों को रायबरेली ट्रामा सेण्टर लेकर पहुंचे। यहां दोनों का मंगलवार को जारी बताया गया है। इस बीच जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर थाने ले आयी। उदयपुर एसओ निकेत भारद्वाज का कहना है कि घटना के बाबत तहरीर नही मिली है, दो लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व सैनिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पूर्व सैनिको ने ओआरओपी व अन्य मांगो को केंद्र द्वारा स्वीकार किये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को यहां एसडीएम को ज्ञापन सौपा। गौरवशाली सैनिक वेलफेयर एसोशिएसन के बैनरतले पूर्व सैनिको ने प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपते हुए कहा है कि इन मांगो को लेकर बडी संख्या मे पूर्व सैनिक दिल्ली मे सौ दिन से अधिक धरने पर बैठे हुए है।

# कारनामों से सुर्खियो में रहना बनी दरोगा की आदत

## आए दिन दबंगई के दम पर होती है चचाएं

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कुछ नए-नए कारनामों से सुर्खियो में बने रहना एक दरोगा की आदत सी बन गई है, जिसकी चचाएं क्षेत्र में अक्सर हुआ करती है। दरोगा की दबंगई का वीडियो वायरल करने के साथ ही उच्चाधिकारियों से कई मामले में क्षेत्र के लोग शिकायत भी कर चुके है।

स्थानीय कोतवाली में तैनात एक दरोगा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उक्त वीडियो बलीपुर कटरा का दो दिन पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आबादी की भूमि विवाद के मामले में दरोगा जी एक सिपाही के साथ गांव गए हुए थे। एक पक्ष ने आरोप लगाया की दरोगा जी एकतरफा बात कर रहे थे, जब विरोध जताया तो गाली देना शुरू कर दिए। एक व्यक्ति ने मामले का वीडियो बनाने लगा बस इतने में साहब को गुस्सा आ गया और वृद्ध को मारने लगे। उक्त वीडियो को किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दिया जो खूब तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों की माने तो दरोगा का यह नया कारनामा नहीं है। इससे पूर्व 17 दिसंबर को उधरनपुर में ग्रामसभा की भूमि पर लगे हरे शीशम के पेड़ को भी कटवाने का आरोप ग्रामीण लगा चुके हैं। यही नहीं काटे जा रहे पेड़ो का वीडियो भी बनाया जिसमे कुछ वदीर्धारी भी मौके पर थे।

अभी 28 अप्रैल को पूरे गनेश भदारी कला निवासी सुनील यादव ने उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र भेज कर आरोप लगाया था कि पड़ोसी द्वारा उसकी बहन को मारा-पीटा गया था। पीड़ित जब कोतवाली शिकायत लेकर गया तो दबंग दरोगा ने उसकी पिटाई कर दी साथ ही दूसरी बार आने पर मारकर फेंकवा देने तक की धमकी दे डाली थी। सूत्रों की माने तो पीड़ित की शिकायत पर अभी मामले की जांच चल ही रही है कि एक दूसरा कारनामा बलीपुर कटरा का सामने आ गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने मामले में एसपी को भेजी गई जांच रिपोर्ट में लिखा है कि वायरल वीडियो के संदर्भ में लगाए गए आरोप असत्य है जिसकी जांच में पुष्टि नहीं हो सकी।

### शिकायतों की झड़ी फिर भी जांच में बेदाग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय दरोगा पर लोगो ने कई बार गंभीर आरोप लगाए है,लेकिन जांच टीम को कोई सत्यता न मिलने पर दरोगा को अक्सर क्लीन चिट मिल जाती है। जब कि वीडियो में साफ साफ गाली की आवाज सुनाई दे रही है। फिर भी बेदाग का मिल जाता है प्रमाण। अब इस दशा में आखिर वीडियो झूठा या शिकायतकर्ता या फिर और कोई बात?

### विद्युत पोल को अराजकतत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, जांच मे जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात तत्वों द्वारा नगर पंचायत के मनीपुर में सोमवार की रात चार विद्युत पोल क्षतिग्रस्त कर दिया गया। टयूबवेल के लिए विभाग से लाइन की मंजूरी मिलने के बाद विभाग ने मनीपुर में विद्युत के पोल लगवाना शुरू किया। सोमवार की रात अज्ञात आरोपियो द्वारा चार विद्युत पोल तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मंगलवार की सुबह जानकारी होने पर पीडित ने पुलिस को तहरीर सौपी।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा किया गया शरबत वितरण का कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में रोडवेज बस स्टैंड के हनुमान मंदिर प्रांगण में शरबत वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संरक्षक डॉ ए के कुलश्रेष्ठ और डॉक्टर रवि श्रीवास्तव द्वारा हनुमान मंदिर में आरती पूजा उपरांत राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। यह आयोजन गणेश श्रीवास्तव के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष गोकुल नाथ श्रीवास्तव, जिला मंत्री डॉ क्षितिज कुमार श्रीवास्तव, अमितेंद्र श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री, रीता श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, किरण बाला श्रीवास्तव, केतकी श्रीवास्तव के साथ रवि प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, डॉ रवि श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, अभय सिंह, शुभम श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



लोगों को शरबत पिलाते पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप

### बैंक खाते में रजिस्टर्ड सिम कार्ड का क्लोन कर वित्तीय धोखाधडी करने वाले साइबर अपराधी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी में वादी राजकरन मौर्य पुत्र सूरत निवासी नेवारी थाना करारी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरे बैंक में रजिस्टर्ड सिम कार्ड का फर्जी आईडी पर क्लोन कर 18 व 20 मई 2023 को ऑनलाइन 95 हजार रुपए स्थानांतरित कर लिया गया है जिसकी शिकायत पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल थाना करारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित कर इस क्रम में साइबर सेल थाना करारी पुलिस द्वारा तकनीकी संसाधन का प्रयोग करते हुए मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये दो अभियुक्तों अजय कुमार कैथल पुत्र रामधनी निवासी एमआईजी-22 नीमसराय थाना मुण्डेरा जनपद प्रयागराज व राहुल कुमार पुत्र दुखीलाल निवासी भड़ेसर थाना मंझनपुर को दरियापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

# रिश्तेदारी गए युवक की हत्या कर पेड़ से बांध दिया शव

## हत्या को आत्महत्या साबित कर हत्यारों को बचाने के पीछे थाना पुलिस की क्या मंशा है यह जांच का विषय, प्रेम प्रपंच के चलते युवक की हत्या करने की गांव में हो रही चर्चा

अखंड भारत संदेश



पेड़ से बंधा मृतक युवक



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के मेड़ुवा कनवार गांव का एक युवक चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा के कूड़ापुर अपने रिश्तेदारी बारात में गया था रिश्तेदारी में युवक की हत्या करने के बाद गांव के बाहर बाग के पेड़ से युवक का शव दुपट्टे से बांध दिया गया है घटनास्थल पर लाश इस तरह मिली है जैसे युवक की हत्या के बाद शव को पेड़ से बांधकर बैठा दिया गया हो मामले की सूचना मिलते ही मौके पर रिश्तेदार परिजनों के साथ ग्रामीणों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके की परिस्थितियां चिल्ला चिल्ला कर हत्या की गवाही दे रहे हैं लेकिन उसके बाद युवक की मौत को पुलिस आत्महत्या साबित करने के प्रयास में लगी है आखिर हत्या को आत्महत्या साबित कर हत्यारों को बचाने के पीछे थाना पुलिस की क्या मंशा है यह भी एक बड़ी जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव के मजरा मेड़ुवा निवासी रामेन्द्र सोनकर उर्फ छोटू सोनकर उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र इन्द्र भवन सोनकर की बहन चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावा के मजरा कूड़ापुर निवासी विजय सोनकर उर्फ डम्पु सोनकर पुत्र राजाराम सोनकर के साथ ब्याही है बताया जाता है कि मृतक युवक रामेन्द्र के बहनोई विजय सोनकर के चाचा के लड़के छोटू पुत्र पूनी उर्फ केदार की शादी में शामिल होने के लिए रामेंद्र सोमवार को अपने बहनोई के घर कूड़ापुर गया था और बहनोई के चचेरे भाई छोटू की बारात में शामिल हुआ लेकिन उसके बाद युवक गायब हो गया सुबह गांव के बाहर दुपट्टे से युवक की लाश मिली है युवक के बहनोई ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कर ली है जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर मृतक के परिजन रिश्तेदार और ग्रामीण पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है मृतक के भाई रिंकू सोनकर ने 2 लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया है चचाओं पर जाएं तो प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या कर लाश को गांव के बाहर पेड़ से बांध दी गई है युवक की हत्या कर लाश को पेड़ से बांधने वाले कौन हैं यह गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

## घर से पैसे एवं जेवरात लेकर फरार हुए फ्री फायर गेम के शिकार बच्चे को सकुशल किया गया बरामद

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी अंतर्गत 13 मई 2023 को वादिनी शिवागंनी सिंह पत्नी धनश्याम सिंह निवासी तिल्हापुर मोड़ थाना पिपरी द्वारा सूचना दी गयी कि उनका 13 वर्षीय पुत्र 40 हजार रुपए व घर में रखे समस्त जेवरात लेकर कहीं चला गया है जिसके सम्बन्ध में थाना पिपरी पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर घटना की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल 3 टीमों का गठन कर बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था इस क्रम में जनपदीय सर्विलांस सेल व साइबर सेल की मदद से थाना पिपरी पुलिस टीम के अथक प्रयास से बच्चे को मलूर व्हाईट फील्ड रोड बंगलौर (कर्नाटक) से सकुशल बरामद कर बालक द्वारा घर से ले जाया गया समस्त जेवरात (अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये), टैबलेट व मोबाइल को भी सुरक्षित बरामद किया गया।बच्चे से पूछताछ की तो बताया कि मोबाइल में ऋीी ऋी गेम खेलने की लत लग गई थी एवं उसकी मनोस्थिति अच्छे बुरे का विचार करने में सक्षम नहीं रह गई थी। इस गेम के आगे के फीचर्स अन्लॉक्ड करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है इसीलिए वह घर से पैसे एवं लॉकर में रखे मम्मी के सारे जेवरात चोरी करके चला गया था। इन्टरनेट के माध्यम से उसे पता चला कि बगलौर आईटी सिटी बहुत अच्छा शहर है जहां पर वह बिना किसी रोक टोक के गेम खेल पाएगा एवं नए नए गेम्स के बारे में जानकारी मिलेगी इसलिए वह उत्सुकतावश वहां चला गया था जहां पर रेलवे स्टेशन आदि पर रहता था। यह पूछे जाने पर कि उसे घर की याद नहीं आती थी उसने बताया कि वह गेम की दुनिया में इस तरह खोया रहता था कि उसे घर वालों की याद नहीं आती थी। उपरोक्त घटना के आधार पर पलिस अधीक्षक द्वारा अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि ढ्ढ्रऋ(ठी६ रइ३ी टढ्ढी), ऋीी ऋी जैसे ऑनलाइन गेम को अत्यधिक खेलने से बच्चों में इन गेमों की लत लग जाती है एवं इसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर पड़ता है। जिससे वे चिड़चिड़े होते चले जाते हैं, अपने पेरेंट्स की बात सुनना बंद कर देते हैं और वे अपने जीवन में लड़ाकू व गुस्सैल किस्म के हो जाते हैं। इसके अलावा इन गेम्स की आगे की स्टेज को अनलॉक करने के लिए अपने घर वालों का बैक अकाउंट तक खाली कर देते हैं। जब इनको घर से पैसा नहीं मिलता तो बाहर से पैसे की व्यवस्था करते हैं जिसके लिए वे घर की ज्वैलरी व महंगा समान तक ले जाते हैं अतः अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि उनके बच्चे मोबाइल में कोन सा गेम खेल रहे है या क्या देख रहे हैं इस पर विशेष ध्यान देकर सतर्क दृष्टि बनाए रखें एवं बच्चे द्वारा इस प्रकार के गेम खेले जाने की जानकारी पाये जाने पर उसकी मनोचिकित्सक से काउन्सलिंग कराए तथा कम उम्र के बच्चों को टेबलेट एवं महगे गैजेट्स आदि का जरूरत से ज्यादा समय तक उपयोग न करने दें।

# बैठक के पहले दिन अध्यक्षा ने लगाई क्लास,समस्याओं का शीघ्र समाधान

अखंड भारत संदेश

प्रथम औपचारिक बैठक में नगर की समस्याओं पर गम्भीर मंथन,मुखर रहीं अध्यक्षा



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में शपथग्रहण के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्षा एवम सभी निर्वाचित सभासदों की अनौपचारिक बैठक हुई सर्वप्रथम नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने नगर अध्यक्षा शान्ती देवी कुशवाहा को बुके देकर सम्मानित किया ततपश्चात नगर कर्मियों ने सभासदों को माल्यर्पण कर परिचय प्राप्त किया इस मौके पर अध्यक्षा ने नवनिर्वाचित सभसदों को उज्वल कार्यकाल की बधाई देते हुए बिना भेदभाव किये सभी सदस्यों का सम्मान करने की बात कही उन्होंने कहा बरसात का मौसम आ रहा है अगली औपचारिक बैठक में सभी सदस्य कार्यकाल योजना बनाकर लाएं, उन योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा नगर के ग्रामीण वार्ड छोड़कर अधिकतर वार्डों में जलजमाव की समस्या आती है सभी सदस्य मिलकर एक दूसरे से कंधा से कंधा मिलाकर नगर पंचायत का विकास करेंगे। वार्ड नं 9 सनई मंडी में लगाये जाने वाले कूड़े के ढेर की जगह सुबह एक ट्रैक्टर ट्राली खड़ी की जाएगी जिसमें सफाईकर्मी कूड़ा डालेंगे उसी दिन ट्राली के कूड़े को कूड़ा निस्तारण केंद्र पहुंचाया जाएगा। प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा जो सफाईकर्मी अपने कार्यों में सजग नही है लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें घर बिठा दिया जाए नगर पंचायत को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है एनएचआई के नाले को कैसे साफ कराया जाए इसकी रूपरेखा तैयार की जाय। नगर के सभी नवनिर्वाचित सभासदों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने वार्ड की समस्या बताई है जिसे नगर अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी ने सुनते हुए औपचारिक बैठक में कार्ययोजना लाकर देने को कहा है।

# भाई के साथ गंगा नहाने गया किशोर गंगा में डूबा

## पुलिस और गोताखोर तलाश में जुटे



युवक के नदी में डूबने की जानकारी पर मौके पर मौजूद पुलिस

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के पल्हाना गंगा घाट में गंगा दशहरा के दिन अपने भाई के साथ गंगा नहाने गया बालक गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गया है ,गंगा में डूबने से घाट पर हड़कंप मच गया,घाट पर मौजूद पुलिस गोताखोर की सहायता से किशोर को खोजने में जुटी हुई है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज का रहने वाला अनूप सोनी उम्र 14 वर्ष पुत्र कमलेश सोनी अपने भाई के साथ गंगा दशहरा के पर्व पर गंगा नहाने पल्हाना घाट गया था,नहाने के दौरान अचानक अनूप गहरे पानी में चला गया और डूब गया,भाई को गहरे पानी में डूबा देख उसने शोर मचाया,शोर सुनकर घाट पर मौजूद लोगो ने उसे खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। गंगा घाट पर मौजूद पुलिस गोताखोर की सहायता से किशोर को खोजने में जुटी हुई है।बताया जा रहा है कि नदी में डूबे हुए किशोर का पिता मुंबई में रहकर काम करता है।किशोर के गंगा में डूब जाने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया,रोते बिलखते परिजन गंगा घाट पहुंच गए है।

## बालू लेने गया ट्रैक्टर बिजली खंभे से टकराया चालक की जलकर मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बालू घाट कटरी बालू लेने गए ट्रैक्टर चालक का ट्रैक्टर बिजली खंभे से टकरा गया है जिससे ट्रैक्टर में आग लग गई और ट्रैक्टर चालक जल गया है जिससे उसकी मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनाक्रम के मुताबिक बीरेंद्र पटेल उम्र 23 वर्ष पुत्र शिवमूरत पटेल निवासी चैनी का पुरवा लाल गोपाल गंज जनपद प्रयागराज अपना ट्रैक्टर ट्राली लेकर मंगलवार को यमुना नदी के कटरी बालू घाट बालू लादने गया था बालू की पर्ची कटा कर चालक जैसे ही नीचे बालू लोड करने जा रहा था ट्रैक्टर ट्राली बिजली खम्भे से टकरा गयी बिजली खंभे से ट्रैक्टर ट्राली टकरा जाने के बाद ट्रैक्टर ट्राली में आग लग गई और चालक उसी में जल गया दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही बालू घाट पर मजदूर और ठेकेदार पहुंचे मामले की सूचना चालक के परिजनों के साथ पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि मृतक के छोटे-छोटे दो बच्चे हैं मामले की जानकारी जैसे ही परिवार तक पहुंची परिवार में कोहराम मच गया है।



ट्रैक्टर में लगी आग

# पत्रकारिता दिवस पर आयोजित की गई गोष्ठी

## पत्रकारों की कलम की आवाज दबाने के लिए हो रहे शोषण अत्याचार पर व्यक्त की गई गहरी चिंता

अखंड भारत संदेश



पत्रकारिता दिवस पर उपस्थित पत्रकार



पत्रकारिता दिवस पर मंच पर उपस्थित पत्रकार

**कौशाम्बी।** पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन स्थित सरस हाल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में भारतीय पत्रकार संघ और कौशांबी न्यूज रिपोर्ट्स क्लब सहित विभिन्न पत्रकारों ने हिस्सा लिया और पत्रकारों के कलम की आवाज को दबाने के लिए आए दिन अधिकारियों नेताओं द्वारा किए जा रहे शोषण अत्याचार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष तरीके से खबर लिखने पर जोर दिया गया है इस मौके पर भारतीय पत्रकारिता दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई है इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और नेता निष्पक्ष पत्रकारिता की आवाज दबाकर भ्रष्टाचार को बढ़ाना चाहते हैं लेकिन भ्रष्ट अधिकारी और नेता अपने मकसद में सफल नहीं होंगे सत्य खबर प्रकाशित कर अधिकारियों नेताओं के कारनामों की सच्चाई उजागर कर जनता तक पहुंचाई जाएगी इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के संरक्षक रामबदन भार्गव कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री भारतीय पत्रकार संघ कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के जिला अध्यक्ष मोअज्जम खान भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष सुबोध केसरवानी वरिष्ठ पत्रकार जयशंकर गुप्ता राकेश केसरी पवन दुबे एनडी तिवारी पवन मिश्रा गणेश साहू शशि भूषण सिंह उर्फ बब्बू पटेल महेंद्र मिश्रा मदन केसरवानी सुशील मिश्रा उर्फ बबलू फैज अहमद अरविंद मौर्या सियाराम सिंह विष्णु सोनी अजीत कुशवाहा धर्मेंद्र सोनकर राजकुमार बृजेंद्र केसरवानी अनिल वर्मा उर्फ सोनू सौरभ मिश्रा श्रवण पांडेय मुन्ना यादव संजय वर्मा शैलेंद्र मौर्य समसुल अहमद आर्यवीर अनिल कुमार पत्रकार इकरार अहमद मक्खन लाल रोहित तिवारी तिलक सोनकर महेंद्र शुक्ला कृष्ण मणि मिश्रा रविन्द्र सिंह सहित तमाम पत्रकार साथी गोष्ठी में शामिल रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइसा पुलिस बल द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास पटेल पुत्र केशलाल पटेल निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को सैनी बस स्टॉप से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**वांछित अभियुक्त गिरफ्तार :**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त नसीम पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम बरहटा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

**निरोधात्मक कार्यवाही में 19 गिरफ्तारः**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना सराय अकिल से 14, थाना चरवा से एक थाना सैनी से एक कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## न्यूज झरोखा

### अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक परेड की ली गई सलामी



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी साथ ही सभी जवानों से शस्त्राभ्यास भी कराया गया अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द का निरीक्षण किया गया एवं समस्त शाखाओं, कैंटीन, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं जिम का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए एवं भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सांड पर हमला कर किया लहूलुहान



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर में खुलेआम सड़क पर घूम रहे आवारा साड़ से त्रस्त लोगों ने बेजुबान साड़ पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया है हमले से साड़ कों चोट आई हैं लहूलुहान हालत में साड़ सड़क पर तड़प रहा है पशु पालन विभाग के अधिकारी अभी तक साड़ का इलाज कराने के लिए नहीं आए हैं गौसंरक्षण केंद्र संचालन के जिम्मेदार भी घायल साड़ को संरक्षित करने के लिए आगे नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिससे योगी सरकार की गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्था धरा शाही होती दिख रही है।

### विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए आवेदन आमन्त्रित किये गये हैं। यह पुरस्कार युवाओं को विकास कार्यक्रमों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे-खेलकूद, सामाजिक, वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, राष्ट्रीय एकीकरण, आपदा प्रबंधन एवं मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, खेल एवं शैक्षिक उत्कृष्टता आदि किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को विशिष्ट पहचान देने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य 15 से 35 वर्ष के युवाओं को प्रेरित कर राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सकें। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए युवा की आयु 15 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। विगत 03 वित्तीय वर्षों में उत्कृष्ट कार्य किया गया हो एवं किसी भी सरकारी सेवा अर्थात-केंद्र व राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम, विश्वविद्यालय, स्कूलों व कॉलेजों में कार्यरत नहीं होना चाहिए। पुरस्कार के तहत एक पदक, एक प्रमाण-पत्र, स्वामी विवेकानन्द की एक प्रतिमा और रू0 50 हजार नगद शामिल हैं। जनपद के इच्छुक युवा 15 अगस्त 2023 तक अपना आवेदन विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण अधिकारी, कार्यालय में जमा कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

## अज्ञात बदमाशों ने क्लीनिक संचालक पर किया फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कनवार ग्राम सभा के बाहर क्लीनिक पर अज्ञात बदमाशों ने फायर कर क्लीनिक में कार्य करने वाले युवक पर जानलेवा हमला किया किंतु ग्रामीणों की जगहट से बदमाश फरार हो गए।शिवा कुमार पुत्र राम भजन निवासी बगहा कनवार के बाहर खुली डॉ एम एस यादव के क्लीनिक में बतौर कार्य करता है बीती रात अज्ञात बदमाशों ने क्लीनिक के बाहर लगे शीशे में असलहा सटाकर फायर कर दिया शिवकुमार को कांच लगते , बेड से नीचे गिर गए फायर की आवाज सुन शिवा कुमार ने 112 नम्बर पर फोन किया रात पुलिस पहुंची शिवा कुमार के अनुसार उसने फोन कर तमाम ग्रामीणों को इकठ्ठा कर लिया तब तक बदमाश मोटरसाइकिल से फरार हो जिसकी लिखित सूचना कोतवाली सैनी पुलिस को देकर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्तों बबलू सरोज पुत्र बुदुन रमेश कुमार पुत्र शिवचरन शिवम शुक्ला पुत्र अश्वनी शुक्ला निवासीगण विसारा थाना कोखराज को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते, 2000 रुपए जामातलाशी व 1300 रुपए मालफड बरामद कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पड़सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मोहम्मद जीशान पुत्र शकील अहमद निवासी व थाना मोहब्बतपुर पइसा को ग्राम मोहब्बतपुर पइसा मंदिर के पास से 500 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जिले में चल रहे चंगाई सभाएं प्रशासनिक नाकामी का सबूत : अवधेश नारायन

अखंड भारत संदेश

नुक्कड़ सभाओं में हिंदू जागरण मंच ने किया लोगों सचेत, जिले की टेवा, टेनशाह आलमबाद, म्योहर गांव में आयोजित हुई बैठक



**कौशांबी।** आज के समय में विभिन्न धर्म के लोगों द्वारा हिंदू धर्म को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची जा रही है जिले में चंगाई सभाओं में लोगों को भूत प्रेत हुआ लालच देकर ईसाई बनाया जा रहा है वही समुदाय विशेष द्वारा जिहाद के नाम पर जमीन और हमारी घर की इज्जत पर हमला किया जा रहा है ऐसे में जरूरी है कि हिंदू समाज एकजुट होकर इन साजिशों के एक से लड़े और इस को हराने का काम करें। हिंदू जागरण मंच आज गांव गांव में पहुंचकर लोगों को इन साजिशों के प्रति जागरूक कर रहा है आज आवश्यक है कि धर्म के लोग एकजुट होकर संघर्ष करें, जिससे हमारा आने वाला भविष्य उज्जवल हो सके। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने विभिन्न गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर लोगों से सीधी बात करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न विदेशी धर्मों द्वारा सनातन को नुकसान पहुंचाने के लिए हिंदू मान्यताओं पर लगातार चोट पहुंचाई जा रही है यही नहीं पूरे देश में विदेशों से करोड़ों करोड़ों रुपए धन सिर्फ इस बात के लिए आ रहा है कि कैसे हिंदू धर्म को बदनाम कर भारत में हिंदू धर्म को कमजोर किया जाए जिले में बड़ी संख्या में चंगाई सभा में चल रही हैं जिसे जिले का प्रशासन रोकने में नाकाम साबित हो रहा है और यह जिले की पुलिस और प्रशासन की नाकामी का सबूत है आज अब जब प्रशासन इन सभाओं को नहीं रोक पा रहा है तो समाज की जिम्मेदारी बनती है कि वह खुद ही अपने लिए न्याय चित्र संघर्ष करें इस मौके पर उन्होंने लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि आज जरूरी है कि हम अपने धार्मिक और पुराने सामाजिक संस्कारों को अपने बच्चों को दें जिससे भविष्य में वह अपने पूर्वजों के संस्कार और संस्कृति को जान सकें मंगलवार को जिले के टेवा, टेनशाहआलमबाद, म्योहर गांव में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष रजत पांडे, ब्लॉक संयोजक सर्वेश पटेल, शिखर मिश्रा, पंकज पटेल, आनंद कुमार, आदित्य, अवनीश प्रजापति, पंकज कुमार, मनदीप, राकेश, आशीष कुमार, राजा सिंह, सुभाष मिश्रा, बड़कू, चेतन पांडे, शिवम, चेतन दुबे, अमित, सिद्धार्थ, प्रकाश चौरसिया, अभिषेक सिंह, मुकेश प्रजापति, विमलेश कुमार, करण यादव, मोहित तिवारी, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# क्या शाह मणिपुर हिंसा का कोई हल निकाल पाएंगे ?

**मणिपुर** में जारी हिंसा का समाधान निकालने के लिए होम मिनिस्टर अमित शाह आज राज्य के दौरे पर हैं । इस दौरान वह राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अलावा अन्य मंत्रियों एवं अहम संगठनों के लोगों से मुलाकात कर रहे हैं । इस दौरान वह हिंसा से निपटने और सुलह का रास्ता क्या हो सकता है। इस पर मंथन चालू है । उनका दौरा मणिपुर हिंसा से निपटने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। लेकिन इस बीच राज्य में एक बार फिर से हिंसा का दौर तेज हो गया है। रविवार को ही एक बार फिर से भड़की हिंसा में एक पुलिसकर्मी समेत 5 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 12 अन्य लोग जख्मी हुए हैं। यही नहीं, सेना और पुलिस की कार्रवाई में बीते 4 दिनों में 40 उग्रवादी भी ढेर किए गए हैं। सीएम बीरेन सिंह ने रविवार को ही बताया था कि मणिपुर में 40 सशस्त्र कूकी उग्रवादियों को मार गिराया गया है। मणिपुर में 3 मई के बाद से ही हिंसा का दौर जारी है। राज्य की राजधानी इम्फाल के आसपास बसे मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कूकी समुदायों के बीच यह हिंसा चल रही है। इसकी वजह मणिपुर हाई कोर्ट का एक फैसला बना है, जिसमें उसने सरकार को सलाह दी थी कि उसे मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजना चाहिए। इस प्रस्ताव को लेकर कूकी समुदाय भड़क गए थे और उन्होंने इसके खिलाफ रैली निकाली थी। उस रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी और तब से हालात को संभाला नहीं जा सका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मणिपुर की हिंसा में अब तक 79 लोग मारे जा चुके हैं। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि कूकी उग्रवादी हथियारों से लैस हैं और वे हिंसा को बढ़ा रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि राज्य के विधायकों और मंत्रियों तक को उपद्रवी नहीं बख्श रहे हैं और उनके घरों में हमले किए जा रहे हैं। राज्य में 3 मई के बाद से ही कई इलाकों में कर्फ्यू लगा है। बीते दिनों कुछ राहत दी भी गई थी, लेकिन फिर से हिंसा का दौर शुरू होने के बाद एक बार फिर सख्ती बढ़ाई गई। जैसे इम्फाल वेस्ट और इम्फाल ईस्ट जिलों में कर्फ्यू में ढील देते हुए सुबह 5 बजे से शाम 4 बजे तक लोगों को अनुमति दी गई थी। लेकिन अब इस टाइम को घटा दिया गया है और लोगों को सुबह 11:30 बजे तक ही घर से बाहर निकलने की परमिशन है। इसके अलावा बिष्णुपुर में भी कर्फ्यू में ढील सुबह 5 बजे से 2 बजे की बजाय 12 बजे तक ही रहेगी। हाल ही में सेना और सुरक्षाबलों की छापेमारी के दौरान भारी तादाद में हथियार और गोला-बारूद बरामद हो रहे हैं। इससे साफ है कि यह हिंसा अचानक नहीं भड़की। इसकी तैयारियां लंबे समय से चल रही थी। कुछ दिनों की शांति के बाद इस सप्ताह की शुरूआत से नए सिरे से हिंसा और आगजनी भड़क उठी है। नाराज लोगों ने कई मंत्रियों और सांसदों के घरों पर भी हमले किए हैं। देखा जाय तो मणिपुर की हिंसा के पीछे आतंकवादी समूहों की साजिश का भी पदार्फाश हो रहा है। सेना ने इस साजिश का पदार्फाश भी किया है जिससे पता चलता है कि आतंकवादी समूह हिंसा को भड़काने के लिए लोगों को कवच के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। सेना को इस बात की भी आशंका है कि मणिपुर के विद्रोही संगठन बड़े हमले की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल सेना ने उग्रवादी संगठनों के बीच हुई बातचीत को डि-कोड किया है। नगा और कुकी जातियां मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के खिलाफ हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे मैतेई समुदाय उन के अधिकारों को हड़प लेगा और राजनीतिक तौर पर भी मैतेई समुदाय और अधिक प्रभावशाली बन जाएगा। हालांकि मणिपुर में जातियों की लड़ाई की वजहों को समझना सरल नहीं है। इसके लिए हमें मणिपुर की सामाजिक स्थिति को समझना होगा। मणिपुर की जनसंख्या लगभग 30-35 लाख के करीब है। यहां तीन मुख्य समुदाय हैं। मैतेई, नगा और कुकी। मैतेई ज्यादातर हिन्दू हैं और मुस्लमान भी हैं। जनसंख्या में भी मैतेई ज्यादा हैं। नगा और कुकी ज्यादातर ईसाई हैं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात करें तो मणिपुर के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई समुदाय से हैं। बाकी 20 नगा और कुकी जाति से आते हैं। अब तक हुए 12 मुख्यमंत्रियों में से दो ही जनजाति के रहे हैं। मणिपुर के 10 प्रतिशत भू-भाग पर मैतेई समुदाय का दबदबा है। यह समुदाय इंफाल घाटी में बसा है। 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाके में प्रदेश की मान्यता प्राप्त जनजातियां रहती हैं। इन पहाड़ी और घाटी लोगों के बीच विवाद काफी पुराना और संवेदनशील है। बड़ी मुश्किल से मणिपुर में विद्रोही संगठनों पर अंकुश लगाया गया था। राज्य में लगभग 30 विद्रोही संगठन थे। जो अब काफी छिन्न-भिन्न हो चुके हैं। एनएससीएन (आईएम) और प्रतिबंधित एनएससीएन (के) सहित नगा समूह नगालिक या वृहत्तर नगालैंड की मांग करते रहे हैं। जबकि 10 कुकी संगठन अपने लिए एक अलग राज्य की मांग करते रहे हैं। यूनाइटेड पीपल्स फ्रंट के आठ समूह मणिपुर के क्षेत्र में एक अलग पहाड़ी राज्य की मांग लम्बे अर्से से करते रहे हैं। इतने सारे समूहों की मौजूदगी से स्थितियां काफी जटिल हैं। राज्य को प्रभावित करने वाली समस्याओं में से चार प्रमुख घटक हैं। उग्रवाद, जातीय मुद्दे, आपराधिक गतिविधियां और ड्रग्स। गौरतलब है कि मणिपुर ऐसा राज्य है जिसके महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया। मणिपुर भारत के फुटबाल के गढ़ के रूप में पूरी तरह से उभर चुका है और इसी राज्य ने मैरीकॉम, चानू मीरा बाई तथा डिंको सिह जैसे प्रतिष्ठित मुक्केबाज दिए हैं। जिस राज्य ने देश को गौरव दिलाया हो वहां पर बार-बार जातीय हिंसा का भड़कना बेहद दुखद है। राज्य में 1993 के बाद इतनी भीषण हिंसा हुई है। तब एक दिन में 100 से ज्यादा लोग मारे गये थे। अबकी बार हुई हिंसा में लगभग 80 लोग मारे जा चुके हैं। जबकि सुरक्षा बलों ने 40 सशस्त्र आतंकवादियों को ढेर किया है। यह आतंकवादी लोगों के घर जला रहे थे और आम लोगों पर फायरिंग में भी शामिल थे।

# एक और साक्षी-हत्याकांड से रूह कांप गयी

**ललित गर्ग**





**फिर** एक और 16 साल की साक्षी की साहिल ने बेरहमी से हत्या कर दी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी में हुए इस हत्याकांड ने अनेक सवाल खडे.कर दिये हैं। समाज में बढ़ती हिंसक वृत्ति, क्रूरता एवं संवेदनहीनता से केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि हर इंसान खौफ में है। मानवीय संबंधों में जिस तरह से बालिकाओं की निर्मम हत्याएं हो रही हैं उसे लेकर बहुत सारे सवाल उठ खड़े हुए हैं। विडंबना यह है कि समाज में गहरी संवेदनहीनता पसरी है। निर्ममता-क्रूरता एवं बर्बरता हमेशा से हमारे समाज के अंधेरे कोनों में व्याप्त रही है, पर इस मामले में जिस तरह से सरेराह हिंसा एवं बेरहमी देखी गई है और उसके प्रति लोगों में जो शर्मनाक उदासीनता देखी गई है, वह अपने आप में किसी अपराध से कम नहीं है। वह हत्यारा एक नाबालिग लड़की को खुलेआम मारता रहा, इस खौफनाक एवं दर्दनाक दृश्य के दस से ज्यादा लोग साक्षी होने के बावजूद किसी ने भी हत्यारे को यह जघन्य काण्ड करने से नहीं रोका, हत्यारे ने चाकू से वार पर वार किए और लड़की का सिर तक कुचल दिया, पत्थर से भी बार किये, तब भी लोग बचाव के लिए सामने नहीं आए। कोई एक तमाशबनी भी शोर तक मचाने के लिए कुछ पल खड़ा न हुआ। एक व्यक्ति ने हत्यारे का हाथ पकड़ने की कोशिश की, पर झटके जाने के बाद हिम्मत न जुटा सका। मतलब, दस में से किसी एक व्यक्ति ने मानवीयता एवं संवेदनशीलता का तनिक भी परिचय नहीं दिया।

श्रद्धा हत्याकांड एवं उसके बाद निक्की हत्याकाण्ड जैसे कई कांड ?सामने आ चुके हैं। समाज बार-बार सिहर उठता है, घायल होता है। इस सिहरन को कुछ दिन ही बीते होते हैं कि नया साक्षी हत्याकांड सामने आ जाता है। इन प्रदूषित एवं विकृत सामाजिक हवाओं को कैसे रोका जाए, यह सवाल सबके सामने हैं। समाज को उसकी संवेदनशीलता का अहसास कैसे कराया जाए। समाज में उच्च मूल्य कैसे स्थापित किए जाएं, यह चिंता का विषय है। कभी-कभी हिंसा के ऐसे शर्मनाक एवं डरावने दृश्य सामने आते हैं कि निंदा के लिए शब्द कम पड़ने लगते हैं। इस हत्याकांड ने समाज की विकृत एवं संवेदनहीन होती स्थितियों को उधेड़ा है। नये बन रहे समाज में अगर यहां से कोई आंकड़ा निकाला जाए, तो आज समाज में दस में से कोई एक आदमी भी सामने हो रही हत्या या अन्याय को रोकने के लिए आगे नहीं आता। साक्षी अकेली जूझती रही और अंततः समाज की उदासीनता से हार गई। उस लड़की के माता-पिता बिलख रहे हैं और हत्यारे के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।

यह सराहनीय है कि काफी कम समय में पुलिस अपराधी तक पहुंच गई है। अब इस मामले में पूरी तेजी के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में अपराधी को त्वरित सजा एवं सख्त से सख्त सजा से ही समाज में सही संदेश दिया जा सकता है। जैसे-जैसे समाज उदार एवं आधुनिक होता जा रहा है, जड़ताओं को तोड़ कर युवा वर्ग नई एवं स्वच्छन्द दुनिया में अलग-अलग तरीके से जी रहा है, संबंधों के नए आयाम खुल रहे हैं, उसी में कई बार कुछ युवक अपने लिए बेलगाम जीवन सुविधाओं एवं प्यार को अपनी बपौती समझ कर ऐसी हिंसक एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम दे रहे है। साक्षी हत्याकांड में भी अपराधी लड़के को कथित रूप से यह शिकायत थी कि लड़की उससे दोस्ती रखना नहीं चाहती थी। क्या वह लड़का इतना जाहिल एवं जानवर था कि उसे अपनी बात मनवाने के लिए सभ्य तरीके नहीं आते थे? क्या वह लड़का यह मानता था कि किसी लड़की की मर्जी का कोई अर्थ नहीं है? क्या कोई लड़की अपनी मर्जी से दोस्त भी नहीं चुन सकती? क्या जबरन दोस्ती मुमकिन है? क्या कोई दोस्ती नहीं करेगा, तो उसकी हत्या हो जाएगी? यह दुस्साहस कहां से आ रहा है। समाज और देश में ऐसे सवाल बढ़ते जा रहे हैं, जिनका जवाब सभी लोगों को सोचना चाहिए। यद्यपि समाज में प्यार करने के तौर-तरीकों पर सवाल उठाता रहा है लेकिन जो कुछ समाज में हो रहा है वह पाश्विकता एवं दरिंदगी की हद है। प्यार हो, विवाह हो या लिव-इन रिलेशनशिप, हिंसात्मक व्यवहार और हिंसक-अंत को बीमार मानसिकता से नहीं समझा जा सकता। हिन्दू-मुस्लिम प्रेम संबंधों के बढ़ते प्रचलन के यह समझना मुश्किल है कि भरोसे की बुनियाद पर खड़े संबंधों के बीच किसी व्यक्ति के भीतर इस स्तर की संवेदनहीनता एवं उन्माद कैसे उभर आता है कि वह अपनी प्रेमिका को मार डालता है। पहले तो दुनिया से छिपा कर कोई युवक किसी युवती के साथ प्रेम संबंध में या फिर सहजीवन में जाता है, फिर किसी जटिल स्थिति के पैदा होने पर उसका मानवीय हल निकालने के बजाय वह हत्या का रास्ता अख्तियार करता है। इस तरह की मानसिकता का पनपना नये निर्मित होते समाज पर एक बदनुमा दाग है एवं बड़ा प्रश्न भी है कि इस तरह के प्रेम संबंधों की ऐसी क्रूर एवं हिंसक निष्पत्ति क्यों होती है? इस तरह के व्यवहार को कैसे सोच-समझ कर की गई किसी पेशवर अपराधी की हरकत नहीं कहा जाएगा? निश्चित तौर पर ऐसी घटनाएं कानून की कसौटी पर आम आपराधिक वारदात ही हैं, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि प्रेम संबंधों में भरोसा अब एक जोखिम भी होता जा रहा है! आखिर बेटियों एवं नारी के प्रति यह संवेदनहीनता कब तक चलती रहेगी? युवतियों को लेकर गलत धारणा है कि उन्हें प्रेम, भौतिकतावादी जीवन एवं सैक्स के ख्वाब दिखाओं एवं जहां कहीं कोई रूकावट आये, उसे मार दो। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि बेटियां भोग्य की वस्तु है? जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, जीवन जीने के तरीको में खुलापन आ रहा है, वैसे-वैसे महिलाओं एवं अबोध बालिकाओं पर हिंसा के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, प्रेमी द्वारा प्रेमिका को क्रूर तरीके से मार देने और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण हिंसा के तरीके हैं। कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब दस साल पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। अब ऐसा सन्नाटा क्यों?

जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। बालिकाओं के जीवन से खिलवाड़ करने, उन्हें बीमार मानसिकता के साथ प्रेम-संबंधों में डालने, उनके साथ रेप, हत्या जैसे अपराध करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। यह घटना शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अब एक सभ्य समाज के रूप में हमें अपने नागरिकों को उनके कर्तव्यों का बोध कराना ही जरूरी हो गया है। हम अपना हक पाने का, मांगने के लिए तो कहीं भी लड़ जाते हैं, लेकिन कर्तव्य या जिम्मेदरी निभाने की जब बात आती है तो कतराकर निकल जाते हैं। वह समय है, जब हमें व्यापक रूप से समाज और संस्कृति सुधार के बारे में सोचना चाहिए। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और सरेआम इस तरह की हत्याओं से किसी का भी जीवन कैसे सुरक्षित होगा। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हिंसा, हत्या, हैवानियत, बलात्कार को, और प्रेम-प्यार के नाम पर ऐसी हिंसक दरिंदगी को।

# आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का संकल्प

**किशन भावनानी**



**वैश्विक** स्तरपर हर देश की जड़ें हिला देने और पीढ़ियों तक इनकी त्रासदी याद रखी जाने वाली भयंकर महामारी कोविड-19 पर करीब-करीब नियंत्रण कर लिया गया हैजिसका अंदेशा इससे लगाया जा सकता है कि डब्ल्यूएचओ द्वारा कुछ दिनों पूर्व इस माहमारी को वैश्विक महामारी के टैग से हटा दिया गया है। परंतु फिर भी हम देखते हैं कि मानवीय जीवनशैली बदल चुकी है, जिसमें हर व्यक्ति सतर्क हो चुका है जिससे हमें विश्वास हो गया है कि हम चाहे तो अपने स्वास्थ्य से समझौता नहीं कर अपनी आदतें अपनी जीवनशैली को बदल सकते हैं। अब चूंकि आज 31 मई 2023 को हम विश्व तंबाकू विरोधी दिवस मना रहे हैं, इसीलिए हमें तंबाकू छोड़ने या उसके मिश्रित चीजों का सेवन नहीं करने का संकल्प भी अपनी इस नई जीवनशैली में जोड़ना होगा क्योंकि अनेक रिपोर्ट व मीडिया में आई डिबेट मैं यह माना जाता है कि इससे मुख का कैंसर रूपी भयंकर बीमारी होती है जिसमें जीवन हानि होने की पूरी संभावना होती है, यही कारण है कि अनेक राज्यों द्वारा तंबाकू और उसके से बनी अन्य वस्तुओं की बिक्री संग्रहण सेवन पर रोक लगाई गई है। अभी हाल ही में 25 अप्रैल 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के ऑपरेटिव हिस्से पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा गुटका, पान मसाला, स्वादिष्ट या सुगंधित खाद्य उत्पादों या चबाने योग्य खाद्य उत्पादों, जिसमें तम्बाकू या निकोटिन हो, की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया गया था। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का संकल्प करें और प्रतिदिन तंबाकू निषेध दिवस के रुप में मनाए।

साथियों बात अगर हम, हर साल, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की करें तो, उनका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के जोखिमों के बारे में जागरूकता फैलाना है और हम दुनिया को तंबाकू मुक्त कैसे बना सकते हैं। तंबाकू से होने वाली बीमारियों से हर साल करीब 60 लाख लोगों की मौत होती है। और यह संख्या 2030 तक बढ़कर 8 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है। लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है। सतत विकास एजेंडा का उद्देश्य गैर-संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों को एक तिहाई तक कम करना है। तम्बाकू से जुड़ी बीमारियाँ सूची में हैं, इसलिए यदि हम लक्ष्य तक पहुँचते हैं, तो 2030 जश्न मनाने का वर्ष होगा जो, न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए, बल्कि हमारे बटुए के आकार के लिए भी। हमारा औसत धूम्रपान करने वाला सालाना सिगरेट पर करीब 4, हजार डॉलर खर्च करता है। उन सभी शानदार छुट्टियों की कल्पना करें जिनका हम उस पैसे से आनंद ले सकते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2023 की थीम की करें तो, इस वर्ष, 2023, विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम हमें भोजन की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं है, जिसका उद्देश्य तंबाकू उत्पादकों को विपणन विकल्पों और उत्पादन विकल्पों के बारे में जागरूकता प्रदान करके टिकाऊ और पौष्टिक फसलों को अपनाना है। इसके अलावा, विषय तम्बाकू उद्योग की तोड़फोड़ की पहल के प्रयासों को उजागर करने पर केंद्रित है, जो तम्बाकू को स्थायी फसलों से बदलने के लिए है, जिससे वैश्विक खाद्य संकट पैदा होता है।इस दिन, सरकारी प्राधिकरण और नीति-निमार्ता खाद्य संकट को रोकने के लिए खाद्य फसलों को उगाने के लिए तम्बाकू किसानों के लिए उपयुक्त नीतियों, रणनीतियों को तैयार करते हैं और बाजार की स्थितियों को सक्षम करते हैं। इसके अलावा, तम्बाकू फसलों को उगाने से रोकने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए हरित कार्यकर्ता और सार्वजनिक सामाजिक कल्याण संघ हाथ मिलाते हैं। साथियों बात अगर हम विश्व तंबाकू दिवस के महत्व की करें तो, दुनिया भर में सालाना करीब 35 लाख हेक्टेयर जमीन तंबाकू की खेती के लिए इस्तेमाल की जाती है। तंबाकू की खेती के कारण वार्षिक वनों की कटाई का अनुमान 2 लाख हेक्टेयर है। तम्बाकू उत्पादन का पारिस्थितिक तंत्र पर काफी अधिकविनाशकारी प्रभाव पड़ता है क्योंकि अन्य कृषि गतिविधियों जैसे मक्का उगाने और पशुधन चराई की तुलना में तम्बाकू के खेतों में मरुस्थलीकरण (जैविक उत्पादकता में कमी) की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा, तम्बाकू उगाने के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के भारी उपयोग की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप मिट्टी की उर्वरता कम हो सकती है,अन्य खाद्य फसलों का उत्पादन कम हो सकता है।यदि तम्बाकू को व्यावसायिक फसल के रूप में उगाया जाता है तो गरीब और मध्यम आय वाले देशों में सतत खाद्य उत्पादन खतरे में पड़ सकता है। सबसे बड़े तम्बाकू उगाने वाले क्षेत्रों में अधिकांश (90 फीसदी) निम्न और मध्यम आय वाले देश हैं, जहाँ चार देश कम आय वाले खाद्य-घाटे वाले देशों की श्रेणी में हैं। उपरोक्त परिदृश्यों के आलोक में, तम्बाकू की खेती को रोकने और अन्य खाद्य फसलों की खेती के लिए किसानों की सहायता करने के लिए विधायी कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस वार्षिक विषयों के साथ अभियानों का संचालन करके उपर्युक्त सिद्धांतों को सफलतापूर्वक प्राप्त करता है।

साथियों बात अगर हम तंबाकू से पर्यावरण को नुकसान की करें तो, वैश्विक स्तर पर हर साल लगभग 35 लाख हेक्टेयर भूमि तम्बाकू उगाने के लिए नष्ट कर दी जाती है।वैश्विक स्तर पर हर साल लगभग 4.5 लाख करोड़ सिगरेट बट्स का सही तरीके से निपटान नहीं किया जाता है।हर साल 80 करोड़ किलो जहरीला कचरा पैदा करता है और हजारों रसायनों को हवा, पानी और मिट्टी में छोड़ता है।तम्बाकू की खेती के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग, ग्रह से पानी की कमी होती है।

साथियों बात अगर हम मद्रास हाईकोर्ट के तंबाकू संबंधी छूट पर सुप्रीम कोर्ट की रोक की करें तो, दो जजों की खंडपीठ ने संकेत दिया कि प्रतिवादी जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुओं को बेच रहे हैं। उत्तरदाताओं के वकील द्वारा हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के खिलाफ तर्क दिए जाने के बाद यह टिप्पणी की गई।मद्रास हाईकोर्ट ने जनवरी में खाद्य सुरक्षा के राज्य आयुक्त द्वारा गुटका, पान मसाला, सुगंधित या सुगंधित खाद्य उत्पादों या तंबाकू या निकोटीन युक्त चबाने योग्य खाद्य उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया।यह नोट किया गया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम और सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण के विज्ञापन और विनियमन का निषेध) अधिनियम, 2003 [कोटपा] दोनों में तंबाकू उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान नहीं है।राज्य सरकार ने 2013 में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत अस्थायी प्रावधान का उपयोग करते हुए तंबाकू और गुटखा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया। बाद में विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से प्रतिबंध को हर साल बढ़ाया गया।

साथियों बात अगर हम धूम्रपान और तंबाकू से स्वास्थ्य को विपरीत प्रभावित होने की करें तो, तम्बाकू का सेवन और धूम्रपान हमारे स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है, जो घातक बीमारियों का कारण हो सकता है धूम्रपान के बारे में 5 भयानक तथ्य(1)तंबाकू रसायनों से भरा होता

# आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का संकल्प करें

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर हर देश की जड़ें हिला देने और पीढ़ियों तक इनकी त्रासदी याद रखी जाने वाली भयंकर महामारी कोविड-19 पर करीब-करीब नियंत्रण कर लिया गया हैजिसका अंदेशा इससे लगाया जा सकता है कि डब्ल्यूएचओ द्वारा कुछ दिनों पूर्व इस माहमारी को वैश्विक महामारी के टैग से हटा दिया गया है। परंतु फिर भी हम देखते हैं कि मानवीय जीवनशैली बदल चुकी है, जिसमें हर व्यक्ति सतर्क हो चुका है जिससे हमें विश्वास हो गया है कि हम चाहे तो अपने स्वास्थ्य से समझौता नहीं कर अपनी आदतें अपनी जीवनशैली को बदल सकते हैं। अब चूंकि आज 31 मई 2023 को हम विश्व तंबाकू विरोधी दिवस मना रहे हैं, इसीलिए हमें तंबाकू छोड़ने या उसके मिश्रित चीजों का सेवन नहीं करने का संकल्प भी अपनी इस नई जीवनशैली में जोड़ना होगा क्योंकि अनेक रिपोर्ट व मीडिया में आई डिबेट मैं यह माना जाता है कि इससे मुख का कैंसर रूपी भयंकर बीमारी होती है जिसमें जीवन हानि होने की पूरी संभावना होती है, यही कारण है कि अनेक राज्यों द्वारा तंबाकू और उसके से बनी अन्य वस्तुओं की बिक्री संग्रहण सेवन पर रोक लगाई गई है। अभी हाल ही में 25 अप्रैल 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के ऑपरेटिव हिस्से पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा गुटका, पान मसाला, स्वादिष्ट या सुगंधित खाद्य उत्पादों या चबाने योग्य खाद्य उत्पादों, जिसमें तम्बाकू या निकोटिन हो, की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया गया था। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का संकल्प करें और प्रतिदिन तंबाकू निषेध दिवस के रुप में मनाए।

साथियों बात अगर हम, हर साल, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की करें तो, उनका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के जोखिमों के बारे में जागरूकता फैलाना है और हम दुनिया को तंबाकू मुक्त कैसे बना सकते हैं। तंबाकू से होने वाली बीमारियों से हर साल करीब 60 लाख लोगों की मौत होती है। और यह संख्या 2030 तक बढ़कर 8 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है। लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है। सतत विकास एजेंडा का उद्देश्य गैर-संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों को एक तिहाई तक कम करना है। तम्बाकू से जुड़ी बीमारियाँ सूची में हैं, इसलिए यदि हम लक्ष्य तक पहुँचते हैं, तो 2030 जश्न मनाने का वर्ष होगा जो, न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए, बल्कि हमारे बटुए के आकार के लिए भी। हमारा औसत धूम्रपान करने वाला सालाना सिगरेट पर करीब 4, हजार डॉलर खर्च करता है। उन सभी शानदार छुट्टियों की कल्पना करें जिनका हम उस पैसे से आनंद ले सकते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2023 की थीम की करें तो, इस वर्ष, 2023, विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम हमें भोजन की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं है, जिसका उद्देश्य तंबाकू उत्पादकों को विपणन विकल्पों और उत्पादन विकल्पों के बारे में जागरूकता प्रदान करके टिकाऊ और पौष्टिक फसलों को अपनाना है। इसके अलावा, विषय तम्बाकू उद्योग की तोड़फोड़ की पहल के प्रयासों को उजागर करने पर केंद्रित है, जो तम्बाकू को स्थायी फसलों से बदलने के लिए है, जिससे वैश्विक खाद्य संकट पैदा होता है।इस दिन, सरकारी प्राधिकरण और नीति-निमार्ता खाद्य संकट को रोकने के लिए खाद्य फसलों को उगाने के लिए तम्बाकू किसानों के लिए उपयुक्त नीतियों, रणनीतियों को तैयार करते हैं और बाजार की स्थितियों को सक्षम करते हैं। इसके अलावा, तम्बाकू फसलों को उगाने से रोकने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए हरित कार्यकर्ता और सार्वजनिक सामाजिक कल्याण संघ हाथ मिलाते हैं।

# विनायक दामोदर सावरकर-एक तिरस्कृत वीर

**राज सक्सेना**

**विगत कई** दिनों से सावरकर जयंती पर नये संसद भवन के लोकार्पण को लेकर सावरकर को जिस तरह से ट्रोल किया जा रहा था। उससे स्पष्ट हो गया है कि या तो देश के युवाओं को सावरकर के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है या फिर बहुत ही सतही और नकारात्मक जानकारी दी गयी है। ट्रोल सामग्री में विशेषरूप से नेहरु से सावरकर की तुलना जिस निचले स्तर तक पंहुची है वह उल्लेखनीय है। थोड़ी विवेचना अगर इस विषय पर की जाय तो यह नयी पीढ़ी की जानकारी के लिए एक सुखद स्थितिहोगी। हम लोगों में से कितने लोग जानते हैं कि नेहरु ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में कितने, कहां और कितने दिन के अनशन किये या भूख हडताल की। उन्होंने सडकों पर अथवा आंदोलनों में कितनी बार लाठियां खायीं।गुलाम भारत की स्थिति में उनके पुरखों और उनको विरासत में अकूत सम्पत्ति किसकी सेवा के पुरूस्कारस्वरूप मिली और यह सम्पत्ति स्वतन्त्रता आंदोलनों में भाग लेने के बावजूद बची कैसे रह गयी। जबकि अन्य आंदोलनकारियों के परिवारों और उनकी सम्पत्तियों को मटियामेट कर दिया गया था। इतना कुछ होने के बावजूद अंग्रेजी शासन के प्रति सबसे खतरनाक घोषित दो दो बार काला पानी की सजा पाए और पारिवारिक रूप से पूरी तरह तबाह सावरकर कोकायरकहा जारहा है और ह्यदेशपरसब कुछ निछावरह्न कर देने वाले व्यक्ति, सुविधाजनक नाममात्र की जेल यात्राएं कर अंग्रेजों द्वारा लेशमात्र भी पीड़ित नहीं किये गये नेहरु भारत रत्न हैं। स्मरणीय है कि सावरकर विश्व के एकमात्र व्यक्ति थे जिन्हें बैरिस्टर की पूरी पढ़ाई करने के बाद पूरी परीक्षा देने के बाद भी अंग्रेजों ने उन्हें बैरिस्टर की डिग्री नहीं दी। यह परिवार विश्व का एकमात्र परिवार है जिसके तीन सगे भाई 'नारायण राव सावरकर', 'गणेश राव सावरकर', 'विनायक दामोदर सावरकर'अपने देश की आजादी के लिए 12 सालों से ज्यादा समय तक जेल में रहे।

'विनायक दामोदर सावरकर' विश्व के एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें ब्रिटिश सरकार ने बकायदा विशेषराजपत्र द्वाराब्रिटिश साम्राज्य का सबसे खतरनाक दुश्मन घोषित किया था।साथ ही विनायक दामोदर सावरकरविश्व के एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिनकी किताब, जो 1857 की क्रांति पर लिखी थी, उसे पूरा लिखने व प्रकाशित होने के पहले ही अंग्रेजों ने प्रतिबंधित कर दिया था।

## भूमि विवाद में किसान की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सडक किनारे की भूमि के बटवारे को लेकर हुए विवाद में एक ही परिवार के सदस्यों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। चार दिन पूर्व हुई इस घटना में गम्भीर रूप से घायल एक किसान की मौत हो गयी।

बताया गया कि सरधुवा थाना क्षेत्र हरिशनपुर गांव के निवासी राजकरण पुत्र नत्थू व उसके भाई राजनारायण के बीच जमीन के बटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। पूर्व में आपसी सहमति के आधार पर मिली रोड की किनारे की जमीन की कीमत बढने के बाद दोनों पक्ष विवाद कर रहे थे। इस दौरान बीती 26 मई को राजकरण अपने दरवाजे पर बैठका था। इस दौरान उसके भाई राजनारायण व भतीजे लालजी और भारत आदि वहां पहुंच गए। तीखी नोक-झोंक के बाद राजकरण को दूसरे पक्ष ने पीटना शुरू कर दिया। जमकर लाठी डण्डों से मारकर उसे रक्तरंजित कर दिया। बचाव में आने पर राजकरण की बेटी पिंकी, नीतू और पत्नी चुनकी को भी मारा। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। इस दौरान मौके पर मौजूद परिजन घायलों को लेकर राजापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। यहां प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत के चलते राजकरण को जिला अस्पताल रिफर किया गया और जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।

जहां इलाज के दौरान राजकरण ने बीते सोमवार को दम तोड दिया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने मृतक के पुत्र धनराज की तहरीर के आधार पर सरधुवा थाने में अभियोग पंजीकृत किया है।

## लूट के 7500 रुपये व बाइक समेत दो लुटेरे गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ मऊ राजकमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह ने लूट की घटना का खुलासा किया है। दो आरोपियों को लूट के 7500 रुपये व घटना मे मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि छह जनवरी 2023 को रामप्रसाद पुत्र स्व बल्लू आदिवासी निवासी दूबी मौजा रैपुरा थाना बरगढ के साथ मुन्ना गुप्ता की चाय की दुकान अशोक चैराहा थाना बरगढ़ के पास मोटरबाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने 20 हजार रुपये की लूट की थी। इस सम्बन्ध में थाना बरगढ़ में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ व दरोगा अनिल कुमार मिश्रा को मामले विवेचना को निर्देश दिया था। दरोगा अनिल कुमार मिश्रा ने देवानन्द कोल पुत्र सन्तोष कुमार कोल निवासी अम्बेडकर नगर डभौरा पुलिस थाने के सामने थाना डभौरा जिला रीवा मप्र व शिवनाथ कोल उर्फ रामरावत उर्फ रमई कोल पुत्र नमोनारायण कोल निवासी पडरहा थाना पनवार जिला रीवा मप्र को मडहा रोड पेट्रोल पम्प थाना बरगढ़ से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लूट के 7500 रुपये व दो बैंक पासबुक व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर मोटरबाइक स्पेलेण्डर प्लस बरामद किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा, सिपाही शिवधनी प्रजापति, चन्दन विश्वकर्मा, अखिलेश चैहान शामिल रहे।

## हाई सिक्योरिटी सुरक्षा में न हो चूकः डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। डीएम-एसपी ने बैरक 16, 17, 18, 19, 20, 21 एवं कैदियों के मुलाकाती कक्ष को देखा।

मंगलवार को डीएम-एसपी ने जेल निरीक्षण में कैदियों से खानपान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिला कारागार को निर्देश दिए की कारागार में कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक करें। दवाएं उपलब्ध है कि नहीं, एक्सपायरी दवाएं को भी देखें ले। कोई भी कैदी बीमार नहीं होना चाहिए। जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित हुए हैं उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये।

निरीक्षण में अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह, रवि आनंद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दो के कब्जे से 20 बीयर व 15 लीटर महुआ शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 20 केन किंगफिसर बीयर व 15 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

मंगलवार को रैपुरा थाने के दरोग अरविन्द सिंह व दरोगा सिद्धनाथ राय ने शिवशम्भू पाल पुत्र जगन्नाथ निवासी लोखरीपुरवा थाना रैपुरा को 20 केन किंगफिसर बीयर समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाना रैपुरा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। टीम में दरोगा अरविन्द सिंह, दरोगा सिद्धनाथ राय शामिल रहे।

इसी क्रम में सीतापुर चैकी के दरोगा शौकत खां की टीम ने बाबूलाल पुत्र स्व रामआसरे निवासी तीर्थराजपुरी को 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियन के तहत मामला दर्ज हुआ है। टीम दरोगा शौकत खां, सिपाही शुभम शर्मा, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह शामिल रहे।

# गंगा दशहरा में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

## मंदाकिनी किनारे स्नान करने से कट रहे हैं पाप



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** हिंदू धर्म में गंगा दशहरा पर्व का बड़ा ही महत्व माना जाता है। इस दिन जो व्यक्ति गंगा स्नान और नीलकंठ के दर्शन करता है वह बहुत ही सौभाग्यशाली माना जाता है। इसीलिए लोगों गंगा दशहरे के दिन गंगा में स्नान जरूर करते हैं। मान्यता ये भी है जो भी लोग गंगा स्नान करते हैं उनके कई तरह के पाप भी कट जाते हैं।

इस बार गंगा दशहरा जेष्ठ मास के 30 मई को गंगा दशहरा पर्व मनाया गया। चित्रकूट के भरत मन्दिर के मंहत दिव्यजीवन दास बताते हैं कि पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई को सुबह 11 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी। अगले दिन 30 मई को दोपहर एक बजकर सात मिनट पर खत्म होगी। उदयातिथि के अनुसार गंगा दशहरा 30 मई को मान्य रहेगा। ये खास शुभ मुहूर्त जाना जाएगा और बहुत ही खास दिन रहेगा।

चित्रकूट के मंहत दिव्यजीवन दास जी ने बताया कि मंदाकनी में जो गंगा दशहरा के दिन स्नान करता है तो उसके दस तरह के पाप कट जाते है।

पुराणों में जैसे वर्णन है जैसे की ब्रह्मपुराण के अनुसार गंगा दशहरा के दिन हस्त नक्षत्र विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस अवधि में जो गंगा स्नान करता है उसके दस तरह के पापों का नाश हो जाता है। इन दस पाप में तीन दैहिक, चार वाणी के द्वारा किए पाप और तीन मानसिक पाप शामिल है। जैसे झूठ बोलना, हिंसा, नास्तिक बुद्धि रखना, कड़वा बोलना, बिना मंजूरी के दूसरे की चीज लेना, परस्त्री गमन, दूसरों की निंदा करना, किसी का अहित करना, दूसरे की चीजों को गैर कानूनी ढंग से लेने का विचार करना, दूसरे का बुरा होने की कामना करना शामिल है।

गंगा दशहरे के दिन चित्रकूट की पावन धरती में लाखों की तादात में श्रद्धालु चित्रकूट में पहुंचकर मंदाकनी में स्नान किया। चित्रकूट भगवान राम की तपो स्थली होने के साथ-साथ माता अनसुइया के तपोबल से निकली मंदाकनी नदी का महत्त्व काफी बड़ा माना जाता है। इस दिन बताया जा रहा है कि यूपी एमपी में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा।

# मनरेगा योजना से कराए इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य में जमकर धांधली

## मानकविहीन कार्यों का हुआ भुगतान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को लेकर सरकार भारी भरकम बजट स्वीकृत कर रही है, लेकिन ग्राम पंचायतों के ज्यादातर विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। विकास कार्यों के नाम पर मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी बिना निरीक्षण किए भुगतान कर रहे हैं।

ये मामला मानिकपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बघौडा का है। ग्राम पंचायत बघौडा में प्रधान व सचिव की मनमानी खूब देखने को मिल रही है। प्रधान व सचिव अपने चहेते ठेकेदारों को ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का जिम्मा सौंपा था। ठेकेदारों ने अपनी मनमानी करते हुए मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन को हड़पने का काम किया है। ग्राम पंचायत बघौडा में मनरेगा योजना से कराए गए रामसनेही के घर से शिवकुमार के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य, सुंदरवा के दरवाजे से कलुवा के घर तक इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य, रामसनेही के घर से ननकौना के घर तक इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य, धेरहा बाबा से मेनरोड तक इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य, पंभिया तालाब में इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य व पंभिया तालाब में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य में घोर धांधली सामने आई है। ठेकेदार ने मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का काम किया है। वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों ने बिना स्थलीय निरीक्षण किए मनमानी ढंग से भुगतान कर दिया है। एक ओर जहां सरकार ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रधान, सचिव व ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी धन का मनमानी ढंग से बंदरबाट किया जा रहा है। जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत बघौडा में मनरेगा योजना से कराए कार्यों की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने का काम करेगा या प्रधान, सचिव व ठेकेदार की मिलीभगत से ऐसे ही सरकारी धन का बंदरबाट होता रहेगा।

## कृत्रिम अंग लगवाने को दिव्यांगजनों का होगा चिन्हांकन, शिविर की तिथियां घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एसडीएम व सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत विभिन्न सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, स्मार्टकेन आदि उपलब्ध कराने एवं जिनके हाथ-पैर नहीं है उनके कृत्रिम अंग लगवाने को पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन शिविर के माध्यम से चयन किया जाना है। इससे पात्र दिव्यांगजनों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

मंगलवार को शिविर के आयोजन को तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें विकासखंड कर्वी में 5 जून को विकासखंड परिसर में सवेरे दस से तीन बजे तक, विकासखंड पहाड़ी में आठ जून विकासखंड परिसर पर दस से तीन बजे तक, विकासखंड मानिकपुर में 12 जून को विकासखंड परिसर पर दस से तीन बजे तक, विकासखंड रामनगर में 14 जून को विकासखंड परिसर पर दस से तीन बजे तक, विकासखंड मऊ में 16 जून को विकासखंड परिसर पर दस से तीन बजे तक एवं तहसील कर्वी में 17 जून को तहसील परिसर में दस से तीन बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर आयोजन में दिव्यांगजनों को पीने के पानी, बैठने को कुर्सी के साथ प्रचार-प्रसार करायें। जिले के पात्र दिव्यांगजनों का चयन कर लाभान्वित किया जा सके।

## रोड समेत घर में जल भराव की समस्या, जल निकासी बाबत एसडीएम से मिले मुहल्लेवासी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर के शोभासिंह के पुरवा शास्त्रीनगर में जल भराव की समस्या निदान को लेकर मोहल्ले के लोग उप जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार राकेश कुमार पाठक को सौंपा। तहसीलदार ने इस भीषण समस्या का समाधान कराने के लिये अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समस्या के सम्बन्ध में जांच करके कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

मंगलवार को शास्त्रीनगर मोहल्ले के शंकर दयाल, नीरू गुप्ता एड, दीनदयाल गुप्ता, नत्थू यादव, सुशीला, लवकुश, सिंयारा वर्मा, फलिया बाबा, राजेन्द्र आदि लोगों ने सभासद शंकर यादव की अगुवाई में पत्र सौंपा। लोगों ने राजपूत शिक्षा निकेतन के पास रोड में लम्बे समय से जल भराव की समस्या बनी हुई है। इतना ही नहीं यहीं पर नत्थू यादव हलवाई के घर में कई महीनों से पानी भरा हुआ है। जिनका मकान कच्चा है, जल भराव होने से घर की दीवारें सीलन के चलते जर्जर हो गई हैं। कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है जिसमें जनहानि से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। इस घर की पीड़िता नत्थू की पत्नी सुशीला ने बताया कि कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। समस्या का निदान न हुआ तो वह जान दे देगी। बताया कि इस समस्या का असली सूत्रधार अमर यादव है। जिसने वर्षों से अबाद गति से चल रही जल निकासी को एक छोटा सा घर बनाकर अवरूद्ध कर दिया है। जबकि उसका रिहायसी मकान सीआईसी रोड सत्यसाईं के सामने बना है। वहीं रहता है, लेकिन घटना स्थल पर बेवजह छोटा सा घर बनाकर जल निकासी को बाधित किये है। यह समस्या लोगों के लिये मुसीबत बनी हुई है। नगर पालिका सिर्फ पम्पिंग सेट लगाकर जल भराव की समस्या का अस्थाई निदान तो कई बार कर देता है, लेकिन स्थाई समाधान के लिये कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे समस्या दिनो-दिन बढती जा रही है। इस समस्या को लेकर मुहल्ले में आपसी विवाद लड़ाई-झगडे की नौबत आये दिन रहती है।

# किशोरी से युवक ने की छेड़छाड़

## पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में शोहदे से परेशान किशोरी अपनी आबरू बचाने को अधिकारियों के चक्कर काटने के लिए मजबूर हो गई है। मामला मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां पीड़ित किशोरी ने आरोप लगाया कि उसके गांव का रहने वाला शिवम उसको कई महीनों से लगातार परेशान कर रहा है। वह दोस्ती करने का दबाव बना रहा है।

पीड़िता के बताया कि जब वह अपने घर से निकलती है तो वह उसका लगातार पीछा करता है।

उससे बात करने को जबरन उसे रास्ते में रोककर उसे मोबाइल थमाता है। साथ ही मोबाइल नहीं लेने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। जब किशोरी ने अपने परिजनों को आरोपी की करतूत बताई तो पीड़ित परिवार न्याय के लिए मऊ थाने पहुंचा। जहां पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने का आश्वासन देकर उन्हें घर लौटा दिया। हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पीड़िता किशोरी अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। जहां आरोपी शिवम से अपनी आबरू बचाने को एसपी से गुहार लगाई है। वहीं इस मामले में मऊ थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि पीड़िता ने छेड़खानी की तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी शिवम घर से फरार है। उसके परिजनों को बुलाकर आरोपी को बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले को नंबर वन बनाने को पार्टी से जुडे लोगः संतोषीलाल

## आप की धन्यवाद यूपी बैठक सम्पन्न



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रेलवे स्टेशन के पास बल्दाऊजी मंदिर के समीप आम आदमी पार्टी की धन्यवाद यूपी समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला की अध्यक्षता व बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन की मौजूदगी में सम्पन्न हुई।

मंगलवार को प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन ने संगठन निर्माण की रणनीति पर मौजूद पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। नए-पुराने साथियों को सक्रियता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने जिले में बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन व सक्रिय ईमानदार साथियों को संगठन में नई जिम्मेदारी देने की बात कही। दूसरे दलों के जो लोग इमानदारी से देश व अपने चित्रकूट को नंबर वन बनाना चाहते हैं, उनसे पार्टी में जुडने की अपील की। इस मौके पर प्रांत महासचिव अंकित सिंह, श्यामबाबू त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष, राजबहादुर साहू जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ, शिवप्रकाश सिंह जिला उपाध्यक्ष ओबीसी, लवलेश केसरवानी जिला कार्यकारिणी सदस्य, कुलदीप सिंह यूथ विंग जिला उपाध्यक्ष, धनराज सिंह जिला उपाध्यक्ष एससी-एसटी प्रकोष्ठ, नर्वदा प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ, दिलीप सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, लवदीप सिंह ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी, बच्चाराम, संतोष कुमार, डॉ रमाकांत गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी, प्रमोद कुमार सोनी, सुरेश सिंह नगर अध्यक्ष, अभिषेक सिंह पटेल, गुज्जू गुप्ता, सन्तोष भरद्वाज जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, मइयादीन वर्मा, राजा राजपूत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी व एक वांछित को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने वारंटी सत्यनारायण पुत्र शौखीलाल निवासी खरौंधा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही वीरपाल सिंह शामिल रहे। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने वांछित सीमा देवी पत्नी स्व गोकुल प्रसाद निवासी नई दुनिया बनकट को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही दीपांकर सिंह, महिला सिपाही रेखा पटेल शामिल रहे।

## अतीक-अशरफ के हत्यारोपित सनी के खिलाफ वारंट जारी

**हमीरपुर।** माफिया अतीक और अशरफ के हत्यारोपित हमीरपुर के निवासी सनी सिंह के खिलाफ वारंट जारी करते हुए हमीरपुर की अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय कोर्ट ने 13 जून को तलब किया है। सनी इस समय दो अन्य आरोपितों के साथ प्रतापगढ़ जेल में बंद है। सनी सिंह पर हमीरपुर में 16 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें हत्या का प्रयास सहित लूट के मुकदमे भी शामिल हैं। ये गैर जमानती वारंट हमीरपुर की अदालत से हत्या के प्रयास के मामले जारी हुआ है।

हमीरपुर जिले में कुरारा थाना कस्बे के रहने वाले शूटर सनी सिंह पर कुरारा थाने में ही गंभीर धाराओं में 16 मुकदमे दर्ज हैं। सनी प्रयागराज में 15 अप्रैल की रात अपने दो साथियों अरुण मौर्य और लवलेश तिवारी के साथ पुलिस सुरक्षा में चल रहे माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की गोलियां मारकर हत्या के बाद चर्चा में आया था। तब से ही सनी सिंह प्रतापगढ़ जेल में निरुद्ध है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सनी सिंह के खिलाफ हत्या के प्रयास मामले में एफटीसी कोर्ट से वारंट जारी हुआ था, जिस पर विवेचक की ओर से आज अपर सत्र न्यायालय एफटीसी द्वितीय में तामीला पेश किया गया है।

## नाटो के 25 शांति सैनिक घायल, कोसोवो में नगरपालिका भवन के बाहर सर्बों के साथ हुआ संघर्ष

**ज्वेकान।** नाटो के नेतृत्व वाले शांति सेना ने सोमवार को कहा कि उत्तरी कोसोवो में सर्बों जाति के लोगों (सर्बिया के मूल निवासी) के साथ संघर्ष में उसके 25 सैनिक घायल हो गए। सर्बों समुदाय के लोगों ने उन नगरपालिकाओं में से एक के कार्यालय पर कब्जा करने की कोशिश की थी, जहां अल्बानियाई महापौरों ने पिछले सप्ताह पद संभाला था।कोसोवो की राजधानी प्रिस्टिना के उत्तर में 45 किलोमीटर (28 मील) की दूरी पर ज्वेकान नगर पालिका में सर्बों जाति के लोग नाटो सैनिकों और कोसोवो पुलिस के साथ भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कोसोवर अधिकारियों की सुरक्षा और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सैनिकों ने आंसू गैस के गोले और हथगोले दागे। इसके जवाब में वहां जमा हुए सर्बों ने नाटो शांति सैनिकों पर पत्थर और अन्य कठोर वस्तुएं फेंके।

नाटो शांति सैनिकों ने एक बयान में कहा कि इतालवी और हंगेरियन कोसोवो फोर्स (कोसोवो में नाटो के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय शांति सेना) के कई सैनिक विस्फोट और अकारण हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। कोसोवो पुलिस के कई वाहनों और पत्रकारों से संबंधित एक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

सोमवार देर रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक ने कहा कि वह कोसोवो के साथ लगती सीमा पर अपने सैनिकों के साथ रात बिताएंगे। सैनिकों को पिछले सप्ताह राष्ट्रपति के आदेश पर सर्वोच्च अलर्ट पर रखा गया था। उन्होंने कहा कि संघर्षों में सर्ब समुदाय के 52 लोग घायल हो गए हैं, जिसमें से तीन गंभीर रूप से घायल हैं और चार को हिरासत में लिया गया है।

## रूस को हथियार भेजने का मामला, राष्ट्रपति रामाफोसा ने पूर्व जज की अध्यक्षता में गठित किया पैनल

**मास्को।** दक्षिण अफ्रीका द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति करने के अमेरिकी आरोपों की जांच के लिए राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय पैनल नियुक्त किया है। अमेरिकी राजदूत रूबेन ब्रिगिटी ने दक्षिण अफ्रीका सरकार पर पिछले साल के अंत में एक प्रतिबंधित रूसी मालवाहक जहाज को हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने का आरोप लगाया था। राष्ट्रपति रामफोसा कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पीएम डी मोजापेलो को इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पैनल में एक वकील और एक पूर्व न्याय मंत्री भी शामिल है। राष्ट्रपति ने आरोपों की गंभीरता और दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर इस मामले के प्रभाव के कारण जांच कराने का फैसला किया। पैनल यह मूल्यांकन करेगा कि क्या कार्गो जहाज के आगमन, उसके प्रस्थान और सामग्री की लोडिंग या ऑफ-लोडिंग में संवैधानिक कानूनी या अन्य दायित्वों का अनुपालन किया गया था। पैनल सीधे राष्ट्रपति को रिपोर्ट करेगा। यह पैनल छह सप्ताह में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगा। अमेरिकी राजदूत रूबेन ब्रिगेटी ने आरोप लगाया था कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहे रूस को दक्षिण अफ्रीका ने हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराये थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास सूचना थी कि रूसी पोत लेडी आर को पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीकी तट पर सिमोनस्टाउन के नौसैनिक अड्डे पर हथियारों से लादा गया था। ब्रिगेटी ने कहा था कि हम (अमेरिका) आश्वस्त हैं कि हथियार उस जहाज में लादे गए थे। ब्रिगेटी की टिप्पणियों के बाद दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने पुष्टि की कि दिसंबर में रूसी मालवाहक पोत लेडी आर के दौरे को लेकर जांच जारी है।

## राष्ट्रपति के शपथग्रहण में शामिल हुए राजनाथ सिंह, तिनुबु ने हजारों लोगों की मौजूदगी में ली शपथ

**लागोस।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद तिनुबु (71) के शपथग्रहण समारोह में भारत सरकार की ओर से शामिल हुए। तिनुबु ने हजारों लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। उन्होंने मुहम्मद बुहारी की जगह ली है। नाइजीरिया की वाणिज्यिक राजधानी लागोस के गवर्नर रहे तिनुबु को फरवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत मिली थी। 25 फरवरी को हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे एक मार्च को घोषित किए गए थे। भारत उन चुनिंदा गैर अफ्रीकी देशों में है, जिन्हें शपथग्रहण समारोह के लिए बुलाया गया था। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजनाथ सिंह ने मंत्रीस्तर पर शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो नाइजीरिया के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों की उच्च प्राथमिकता और ताकत को दर्शाता है। राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को अबुजा पहुंचे।

## चीन ने शेनझोउ-16 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का किया सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने आज सुबह अपने अंतरिक्ष स्टेशन से शेनझोउ-16 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इसी के साथ पांच महीने के इस मिशन के लिए इस यान से एक आम नागरिक सहित तीन अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए।

चाइना मैनड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार लॉन्ग मार्च-2एफ कैरियर रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिम चीन में जियुक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से मंगलवार सुबह नौ बजकर 31 मिनट (चीन के समयानुसार) पर प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद शेनझोउ-16 रॉकेट से अलग होकर अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया।



चालक दल के सदस्य ठीक हैं। प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा।

इन अंतरिक्ष यात्रियों के सात घंटे से कम समय की यात्रा के बाद जमीन से करीब 400 किलोमीटर ऊपर स्टेशन के तियान्हे कोर मॉड्यूल में पहुंचने की उम्मीद है। सीएमएसए के उप निदेशक लिन शिकियांग का कहना है कि चीन के अंतरिक्ष स्टेशन कार्यक्रम के विकास के चरण में प्रवेश करने के बाद शेनझोउ-16 पहला चालक दल मिशन है।

बेइहांग विश्वविद्यालय बीजिंग के एक प्रोफेसर गुई हाइचाओ इन तीन अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हैं। इस मिशन के कमांडर जिंग हैपेंग हैं। वह रिकॉर्ड चौथी बार अंतरिक्ष में जाने वाले पहले चीनी अंतरिक्ष यात्री बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। अंतरिक्ष यात्री उड़ान इंजीनियर झू यांग्झू पहली यात्रा अंतरिक्ष कर रहे हैं।

## इटली की मैगीगोर झील में पर्यटकों से भरी नाव पलटी, चार की मौत

**रोम** उत्तरी इटली के मैगीगोर झील में एक पर्यटकों से भरी नाव पलटने से चार लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल के अनुसार, घंटों चले ऑपरेशन के बाद करीब बीस लोगों को बचा लिया गया। यह नाव 24 लोगों को लेकर जा रही थी। झील से रविवार को मृतकों के शव बरामद किए गए। अग्निशमन विभाग विजिली डेल फूको के एक ट्वीट के अनुसार, झील से आखिरी शव सोमवार सुबह बरामद किया गया। तूफान की वजह से नाव पलट गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाव 24 लोगों को लेकर जा रही थी।

दमकल और बचाव विभाग के अनुसार, रेस्क्यू अभियान के दौरान 20 लोगों को बचा लिया गया। झील में नाव पलटने के बाद मौके पर बचाव के लिए गोताखोरों को लगाया गया और एक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। फिलहाल जलमग्न नाव को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। इटली और स्विट्जरलैंड सीमा के ठीक दक्षिण में स्थित यह इटली की दूसरी सबसे बड़ी झील है। उत्तर कोरिया ने पड़ोसी देश जापान को सूचित किया कि उसकी योजना आगामी दिनों में उपग्रह प्रक्षेपित करने की है। प्योंगयांग के इस सैन्य टोही उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का पहला प्रयास हो सकता है। उत्तर कोरिया के जलमार्ग अधिकारियों से मिले नोटिस में कहा गया कि प्रक्षेपण 31 मई से 11 जून के बीच किया जा सकता है। प्रक्षेपण से यलो सागर, पूर्वी चीन सागर और फिलीपींस के लुजोन द्वीप के पूर्व में समुद्री क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा का मुख्य एजेंडा बिजली, व्यापार और हवाई मार्ग

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल उपाख्य प्रचंड ने अपनी भारत यात्रा के एजेंडे के बारे में संसद को जानकारी दी। उन्होंने संसद को संबोधित करते हुए बताया कि बिजली व्यापार, हवाई मार्ग की अनुमति और सीमा के मुद्दों सहित एक दर्जन से अधिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

नेपाल के प्रधानमंत्री की चार दिवसीय भारत यात्रा 31 मई से 3 जून तक होनी प्रस्तावित है। वे बुधवार को दिल्ली पहुंचने वाले हैं। दिसम्बर, 2022 में नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद पुष्प कमल दाहाल उपाख्य प्रचंड ने अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के लिए भारत का ही चुनाव किया है। भारत की यात्रा से पहले वे विचार विमर्श के लिए पूर्व प्रधानमंत्रियों, पूर्व विदेश सचिवों और राजनीतिक दलों के प्रमुखों से मिले। इसके बाद उन्होंने उन्होंने कहा कि भारत दौरे के दौरान वे बिजली, व्यापार का आधार तैयार बन पाया है। प्रचंड ने यह भी कहा कि उनकी यात्रा के दौरान इस पर गंभीर चर्चा होगी।



करने पर चर्चा करेंगे। वह महाकाली संधि की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने पर भी बात करेंगे। हालांकि महाकाली संधि पर 12 फरवरी, 1996 को हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन अभी तक डीपीआर नहीं

उन्होंने कहा कि भैरहवा और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के लिए नए हवाई मार्ग के लिए नेपाल के अनुरोध पर चर्चा होगी। दौरे का एजेंडा इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन, इंटरनेशनल पावर ट्रांसमिशन लाइन भी है।

## इमरान की मार्मिक अपील, मेरी पार्टी तोड़ चुकी सरकार, अब तो चुनाव की तारीखों का ऐलान करें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान ने पाकिस्तान सरकार से मार्मिक अपील की है। इमरान ने कहा है कि सरकार उनकी पार्टी तोड़ चुकी है, अब तो चुनाव की तारीखों का एलान कर दे।

इमरान खान मुश्किलों के दौर का सामना करने के बाद भी चुनाव कराने की मांग पर अड़े हैं। इस बीच हाल ही के दिनों में उनकी पार्टी के कई नेता उनका साथ छोड़ चुके हैं। इनमें शिरीन माजरी, फवाद चौधरी, इमरान इस्माइल, आमिर महमूद कियानी, अली जैदी, मालीका बुखारी, नादिया अजीज, तारिक महमूद अल हसन, मलिक खुर्रम अली खान और जमशेद थॉमस जैसे बड़े नाम शामिल हैं। दरअसल, बीती नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा को लेकर पाकिस्तानी सेना आर्मी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर चुकी है। आर्मी एक्ट दें, क्योंकि अधिकतर लोग हिंसा में शामिल नहीं थे। इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान



के तहत दोषी पाए जाने पर उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान है। यही वजह है कि डरकर कई नेता इमरान का साथ छोड़ रहे हैं और पार्टी खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है। इमरान खान ने कहा कि जिन लोगों को हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनमें से जो दोषी हैं उन्हें जेल में रखे लेकिन बाकियों को तो रिहा कर सरकार राजनीति और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब सरकार में बैठे लोग उनकी पार्टी, पीटीआई से इतने लोगों को तोड़ देंगे कि पार्टी चुनाव लड़ने लायक न रहे, तब तो चुनाव का ऐलान कर दें। इमरान ने सुप्रीम कोर्ट से एक कमेटी बनाकर 9 मई को भड़की हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।

## ड्रोन हमले से फिर टूटी मॉस्को की नींद, कई इमारतों को पहुंचा नुकसान, मेयर ने कही ये बात

**मास्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध करीब एक साल से अधिक समय से चल रहा है। ये दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस बीच, अब रूस की राजधानी मॉस्को में एक ड्रोन हमला हुआ है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ये हमला किसने कराया है।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि मंगलवार सुबह मॉस्को में ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले से कई इमारतों को मामूली नुकसान पहुंचा है। हालांकि, राहत वाली बात ये रही कि इस हमले में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं



हुआ। मेयर ने बताया कि हमले में क्षतिग्रस्त हुई दो इमारतों में रह रहे लोगों को बाहर निकाला गया है और शहर की सभी आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर मौजूद हैं। वहीं, रूस की एक समाचार एजेंसी ने बताया कि शहर के दक्षिण में मॉस्को की एक इमारत में मौजूद कुछ लोगों को निकाला गया है।

हमले को लेकर मॉस्को के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मॉस्को पर कई ड्रोन से हमला किया गया था, जिन्हें मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन से किसने हमला किया था। वहीं, रूस के कई चैनलों की माने तो मॉस्को के बाहरी इलाके में चार से 10 ड्रोन को मार गिराया है।

## फिलाडेल्फिया में भारतीय मूल के छात्र की गोली मारकर हत्या

**टोक्यो।** फिलाडेल्फिया में एक 21 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित एक अंग्रेजी अखबार ने यह जानकारी दी। मृतक छात्र की पहचान जूडे चाको के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि रविवार (स्थानीय समय) को काम से लौटते समय अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी थी। मृतक छात्र के माता-पिता लगभग 30 साल पहले केरल के कोल्लम जिले से अमेरिका चले गए थे। जूडे चाको एक छात्र था और वह पार्ट-टाइम काम भी करता था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लूट के प्रयास के दौरान दो लोगों ने उस पर हमला किया था। इस साल इस तरह की यह दूसरी घटना है जिसमें अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र को निशाना बनाकर मार दिया गया। इससे पहले आंध्र प्रदेश के एक 24 वर्षीय छात्र की 21 अप्रैल, 2023 को अमेरिका में एक पेट्रोल पंप पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कोलंबस डिवीजन के पुलिस ने यह जानकारी दी थी। मृतक की पहचान साईश वीरा के रूप में हुई थी, जो ओहियो के एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। पुलिस ने बताया था कि ड्यूटी के दौरान अज्ञात हमलावरों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने संदिग्ध की तस्वीर भी जारी की थी और आरोपियों की पहचान करने के लिए मदद मांगी थी।

## चीन ने अमेरिका के साथ रक्षा मंत्रियों की बैठक रद्द की, दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ी कड़वाहट

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के साथ बैठक रद्द होने पर पेंटागन ने कहा कि वह खुली



बातचीत में विश्वास रखते हैं और कोशिश करते हैं कि प्रतिस्पर्धा, संघर्ष में ना बदले।

**दोनों देशों के रिश्तों में जारी है तनाव**

चीन और अमेरिका के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा तनाव और व्यापार विवाद को देखते हुए दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच होने वाली इस बैठक की काफी अहमियत थी लेकिन चीन के कदम से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिशों को झटका लगा है। बता दें कि गुब्बारे से जासूसी प्रकरण को लेकर भी दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया था। हालांकि बीते हफ्ते चीन और अमेरिका के वाणिज्य मंत्रियों की वॉशिंगटन में मुलाकात से रिश्ते थोड़े पटरी पर आते दिख रहे थे लेकिन अब रक्षा मंत्रियों की बैठक रद्द होने से तनाव बढ़ने की पूरी आशंका है।

**अमेरिका से चिढ़ा हुआ है चीन**

चीन ने बैठक के रद्द होने की वजह का खुलासा नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है कि अमेरिका ने जो चीन पर पाबंदियां लगाई हैं, उससे चीन चिढ़ा हुआ है और उसी के बदले में चीन ने बैठक रद्द करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के सदस्य हैं और यह कमीशन चीन का सर्वोच्च रक्षा निकाय है, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति शी जिनपिंग करते हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## उत्तर कोरिया जून में लॉन्च करेगा पहला सैन्य जासूसी उपग्रह तैयारी पूरी

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया जून में अपना पहला सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करने के लिए तैयार है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने सैन्य मामलों के प्रभारी एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि नियोजित लॉन्च का उद्देश्य वास्तविक समय के आधार पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पर नजर रखना है।

उत्तर कोरिया द्वारा जापान को 31 मई से 11 जून के बीच उपग्रह लॉन्च करने की योजना के बारे में सूचित करने के एक दिन बाद यह बात सामने आई है। गवर्निंग वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) के केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष री प्योंग-चोल ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया का निर्धारित उपग्रह प्रक्षेपण युद्ध की तैयारी को मजबूत करने के लिए एक अपरिहार्य कार्रवाई है।

**सैन्य निगरानी उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी पूरी**

उत्तर कोरिया ने इस महीने की



शुरुआत में कहा था कि उसने किम जोंग-उन के भविष्य की कार्य योजना को मंजूरी देने के लिए पहला सैन्य निगरानी उपग्रह लॉन्च करने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। समाचार एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया के नेता ने एक ठोस-ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल, एक परमाणु-संचालित पनडुब्बी और एक सैन्य टोही उपग्रह सहित उन्नत हथियार बनाने का संकल्प लिया।

**तनाव भड़काने के लिए अमेरिका की आलोचना**

री प्योंग-चोल ने कोरियाई प्रायद्वीप पर सैन्य तनाव भड़काने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया की आलोचना की। डब्ल्यूएमडी की तस्करी को रोकने के लिए एक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास आयोजित करने की दक्षिण की योजनाओं की भी आलोचना की। इसके अलावा, हाल ही में येलो सी के ऊपर हाई-प्रोफाइल सैन्य निगरानी विमानों को भेजने के बाद उन्होंने अपनी शत्रुतापूर्ण हवाई जासूसी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की आलोचना की।

**सटीक हमले करने में सक्षम होगा**

कई लोगों ने उत्तर कोरिया की उपग्रह क्षमताओं पर सवाल उठाया, विशेषज्ञों ने दावा किया कि एक जासूसी उपग्रह देश की निगरानी शक्ति में सुधार करके युद्ध परिदृश्यों में लक्ष्य के खिलाफ सटीक हमले करने में सक्षम होगा।